▪ फाल्गुन कृष्णा - 10 ▪ संवत 2080 ▪ वर्ष - 11 ▪ अंक - 219 ▪ पृष्ठ - 8 ▪ रु. 5/- चेन्नई » मंगलवार » 05-03-2024 ▪ www.dakshinbharat.com ▪ Email : chennai@dakshinbharat.com

# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

தக்ஷின் பாரத் ராஷ்ட்ரமத் | தினசரி ஹிந்தி நாளிதழ் | चेन्नई और बेंगलूरु से एक साथ प्रकाशित




5 मैं प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी : साक्षी मलिक

6 पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनते ही शहबाज ने कश्मीर पर उगला जहर

7 पैसा, प्रसिद्धि नहीं बल्कि बच्चों में है सच्ची खुशी : अर्जुन रामपाल






## फर्स्ट टेक

### नेपाल में नई गठबंधन सरकार बनी

**काठमांडू/वार्ता/शिन्हुआ।** नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दहल ने सोमवार को नेपाली कांग्रेस पार्टी के साथ अपना गठबंधन तोड़ दिया और मंत्रिमंडल में फेरबदल किया। नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के अध्यक्ष दहल ने नेपाल की कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ हाथ मिलाया और उन्होंने सभी कैबिनेट मंत्रियों को हटाने के बाद शुरुआत में तीन मंत्रियों को नई कैबिनेट में शामिल किया। राष्ट्रपति कार्यालय ने कहा कि राष्ट्रपति राम चंद्र पौडेल ने बाद में तीन नए मंत्रियों को पद की शपथ दिलाई।

### ईरान के संसदीय चुनावों में कट्टरपंथी नेताओं का वर्चस्व बरकरार

**दुबई/एपी।** ईरान में संसदीय चुनावों के बहिष्कार और कम मतदान के बीच सोमवार को घोषित किए गए मतदान के नतीजों में कट्टरपंथी राजनीतिक नेताओं ने संसद में अपना वर्चस्व कायम रखा है। अधिकारियों ने शुक्रवार को हुए चुनावों का मतदान प्रतिशत अब तक जारी नहीं किया है और ना ही इसमें देर की वजह बताई है। राजधानी तेहरान में मतदान केंद्रों पर भीड़ नजर नहीं आई थी और इस कारण मतदान प्रतिशत कम रहने की संभावना है। जेल में बंद नोबेल शांति पुरस्कार विजेता नरगिस मोहम्मदी सहित देश में कुछ लोगों ने चुनावों का बहिष्कार किया था। वर्ष 2022 में महसा अमिनी (22) की मौत होने पर बड़े पैमाने पर हुए विरोध प्रदर्शन के बाद यह पहला चुनाव था।

### हैती ने कर्फ्यू की घोषणा की

**पोर्ट ऑ प्रिंस (हैती)/एपी।** हैती की सरकार ने सप्ताहांत में हुई हिंसा के बाद सड़कों पर नियंत्रण फिर से हासिल करने की कवायद में रविवार देर रात आपातकाल और रात्रिकालीन कर्फ्यू लगाने की घोषणा की। इस हिंसा के दौरान सशस्त्र गिरोह के सदस्यों ने देश की दो सबसे बड़ी जेलों पर धावा बोल दिया था। देश में 72 घंटे का आपातकाल तत्काल प्रभाव से लागू कर दिया गया है। सरकार ने कहा कि यह उन हत्यारों, अपहरणकर्ताओं और अन्य हिंसक अपराधियों को खोज निकालने के लिए लागू किया जाएगा जो जेल से फरार हो गए हैं।

# तमिलनाडु में लगातार बढ़ रही है भाजपा की लोकप्रियता : मोदी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/एजेन्सी।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने सोमवार को कहा कि तमिलनाडु में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है साथ ही सत्तारूढ़ द्रमुक पर कटाक्ष किया और लोगों को आश्वासन दिया कि उसके द्वारा लूटा गया पैसा वसूल किया जाएगा तथा राज्य की जनता के लिए खर्च किया जाएगा।

श्रोताओं की भीड़ द्वारा 'मोदी-मोदी' के नारों के बीच श्री मोदी ने कहा, यह मोदी की गारंटी है।



मोदी ने झामुमो रिश्वतखोरी मामले पर उच्चतम न्यायालय के फैसले का भी स्वागत किया और कहा कि इससे स्वच्छ राजनीति को बढ़ावा मिलेगा। इसे एक महान निर्णय बताते हुए प्रधानमंत्री ने पहले 'एक्स' पोस्ट में कहा था, स्वागतम! माननीय शीर्ष न्यायालय का एक महान निर्णय जो स्वच्छ राजनीति सुनिश्चित करेगा और तंत्र में लोगों का विश्वास गहरा करेगा।

लोकसभा चुनाव से पहले आज शाम यहां वाईएमसीए नंदनम मैदान में भाजपा के 'थमराई मनादु' (कमल सम्मेलन) को संबोधित करते हुए श्री मोदी ने सत्तारूढ़ द्रमुक और कांग्रेस पर भी कटाक्ष किया और कहा कि जब भी वह तमिलनाडु का दौरा करते हैं तो कई लोग परेशान हो जाते हैं। उन्होंने यह भी कहा कि उनके प्रति लोगों का प्यार बहुत पुराना है। लेकिन हाल के वर्षों में जब भी उन्होंने राज्य का दौरा किया कई लोग परेशान हो गए हैं। उन्होंने कहा, मेरे लिए आपका प्यार बहुत पुराना है, लेकिन हाल के वर्षों में जब भी मैं तमिलनाडु जाता हूं, तो कई लोग निराश हो जाते हैं। उन्होंने जोर देकर कहा,उन्हें दिक्कत है कि यहां भाजपा की लोकप्रियता लगातार बढ़ रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र में भाजपा के नेतृत्व वाली राजग सरकार तमिलनाडु के विकास के लिए प्रतिबद्ध है। प्रधानमंत्री ने कहा कि यहां लाभार्थियों के बैंक खाते में केन्द्र सीधे पैसे भेज रहा हैं, इससे द्रमुक के लोगों को परेशानी हो रही है। उन्होंने कहा, ...मैं उन्हें बताना चाहता हूं (द्रमुक) कि मोदी आपको तमिलनाडु के लोगों का पैसा लूटने नहीं देंगे। साथ ही कहा कि लूटा गया पैसा वसूल कर प्रदेश की जनता के लिए खर्च किया जाएगा। यह मोदी की गारंटी है।

## उच्चतम न्यायालय का आदेश

# 15 जून तक हाई कोर्ट की जमीन से अपना मुख्यालय हटाए 'आप'



**नई दिल्ली/एजेन्सी।** उच्चतम न्यायालय ने आम आदमी पार्टी (आप) को सोमवार को निर्देश दिया कि वह दिल्ली उच्च न्यायालय के लिए राउज एवेन्यू में आवंटित जमीन पर अतिक्रमण कर बनाए गए अपने कार्यालय को हटा ले। मुख्य न्यायाधीश डी वाई चंद्रचूड़ तथा न्यायमूर्ति जे बी पारदीवाला और न्यायमूर्ति मनोज मिश्रा की पीठ ने 'आप' का पक्ष रहे वरिष्ठ वकील अभिषेक मनु सिंघवी की दलीलें सुनने के बाद 15 जून 2024 तक जमीन खाली करने का आदेश पारित किया।

# शिबू सोरेन से जुड़ी कथित बेनामी संपत्तियों की जांच करे सीबीआई : लोकपाल

**नई दिल्ली/भाषा।** लोकपाल ने सीबीआई को झारखंड मुक्ति मोर्चा (झामुमो) के प्रमुख शिबू सोरेन से जुड़ी कथित बेनामी संपत्तियों की छह महीने के अंदर जांच करने का सोमवार को निर्देश दिया। लोकपाल ने झारखंड के गोड्डा से भाजपा के सांसद निशिकांत दुबे द्वारा पांच अगस्त, 2020 को दायर एक शिकायत का निपटारा करते हुए यह निर्देश दिया।

मामले की सुनवाई करते हुए, न्यायमूर्ति अभिलाषा कुमारी (न्यायिक सदस्य) तथा लोकपाल सदस्य अर्चना रामसुंदरम और महेंद्र सिंह की एक पीठ ने केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) को निर्देश दिया कि वह जितनी जल्दी हो सके जांच करे और इस आदेश की तारीख से छह महीने की अवधि के अंदर जांच पूरी कर ले। लोकपाल ने सीबीआई से मासिक रिपोर्ट भेजकर जांच की प्रगति से अवगत कराने को भी कहा है।

# सैन्य साजो-सामान मामले में आयात पर निर्भर नहीं रह सकता भारत : राजनाथ सिंह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** घरेलू विनिर्माण को बढ़ावा देने के लिए नरेन्द्र मोदी सरकार की प्राथमिकता को रेखांकित करते हुए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने सोमवार को कहा कि भारत जैसा विशाल देश सैन्य साजो-सामान के आयात पर निर्भर नहीं रह सकता क्योंकि ऐसी निर्भरता उसकी रणनीतिक स्वायत्तता के लिए ''घातक'' हो सकती है।

सिंह ने 'डेफकनेक्ट 2024' सम्मेलन को संबोधित करते हुए दावा किया कि रक्षा आयात पर निर्भरता के कारण भारत को अतीत में ''मुश्किल समय'' में परेशानी का सामना करना पड़ा था। उन्होंने कहा कि घरेलू रक्षा उत्पादन का वार्षिक आंकड़ा एक लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है जो 2014 के आसपास लगभग 44,000 करोड़ रुपए था।




सिंह ने कहा, हम रणनीतिक स्वायत्तता तभी बरकरार रख पाएंगे जब हथियार और साजो-सामान हमारे देश में, हमारे अपने लोगों द्वारा बनाए जाएं। हमने इस दिशा में काम किया और हमें सकारात्मक परिणाम भी दिखे। उन्होंने कहा, वर्ष 2014 के आसपास, हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन लगभग 44,000 करोड़ रुपए था, आज हमारा घरेलू रक्षा उत्पादन एक लाख करोड़ रुपए के रिकॉर्ड आंकड़े को पार कर गया है और यह लगातार बढ़ रहा है।

## परिवार न होने को लेकर लालू के हमले पर मोदी का पलटवार, कहा-

# 140 करोड़ भारतवासी मेरा परिवार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**आदिलाबाद (तेलंगाना)/ भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने 'परिवार ना होने' को लेकर बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद के हमले पर पलटवार करते हुए सोमवार को पूरे भारत को अपना परिवार करार दिया और अपने जीवन को एक 'खुली किताब' बताते हुए कहा कि लोगों की सेवा करने के सपने के साथ उन्होंने कम आयु में ही घर छोड़ दिया था। जिले में एक रैली को संबोधित करते हुए मोदी ने 'परिवारवादी दलों' पर हमला बोला और कहा कि उनके अलग-अलग चेहरे हो सकते हैं, लेकिन 'झूठ और लूट' का उनका चरित्र समान है।



▪ प्रधानमंत्री ने तेलंगाना में 56,000 करोड़ रुपए की विकास परियोजनाओं का उद्घाटन, शिलान्यास किया

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के अध्यक्ष लालू प्रसाद ने रविवार को पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर कटाक्ष किया था। उन्होंने कहा था, अगर नरेन्द्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने हुए, अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नही है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।

मोदी ने 140 करोड़ देशवासियों को अपना परिवार बताया और कहा कि जिसका कोई नहीं है, वह भी मोदी के हैं और मोदी उनका है। उन्होंने कहा, मेरा भारत-मेरा परिवार, इन्हीं भावनाओं का विस्तार लेकर मैं सपनों को संकल्प के साथ सिद्ध करने के लिए आपके लिए जी रहा हूं, आपके लिए जूझ रहा हूं और आपके लिए जूझता रहूंगा। एक सपना लेकर बचपन में घर छोड़ा था। मैं देशवासियों के लिए जियूंगा, ये सपना लेकर निकला था।

| | |
|---|---|
| 05-03-2024 सूर्यास्त 6:18 बजे | 06-03-2024 सूर्योदय 6:21 बजे |
| BSE 73,872.29 (+66.14) | NSE 22,405.60 (+27.20) |
| सोना 6,606 रु. (24 कैरेट) प्रति ग्राम | चांदी 77,000 रु. प्रति किलो |

## मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक
epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

### पद लिप्सा

हल्दी की गांठ पकड़ मूषक,
खुद को पंसारी समझ रहे।
बिन तुले हुए ही कांटे पर,
वे खुद को भारी समझ रहे।
जन के मत को विस्मृत कर के,
पद का अधिकारी समझ रहे।
कुछ सीटों को पा कर नेता,
खुद को अवतारी समझ रहे।।



## पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री के रूप में

# शाहबाज ने ली शपथ

**इस्लामाबाद/वार्ता/शिन्हुआ।** पूर्व प्रधानमंत्री शाहबाज शरीफ ने सोमवार दोपहर राष्ट्रपति भवन में आयोजित एक समारोह के दौरान पाकिस्तान के 24वें निर्वाचित प्रधान मंत्री के रूप में शपथ ली। प्रधानमंत्री कार्यालय की ओर से जारी एक बयान में यह जानकारी दी गयी।

राष्ट्रपति आरिफ अल्वी ने समारोह में नवनिर्वाचित प्रधान मंत्री को पद की शपथ दिलाई। समारोह में निवर्तमान कार्यवाहक प्रधान मंत्री अनवर-उल-हक काकर, सीनेट के अध्यक्ष सादिक संजरानी, सेना प्रमुख, राजनेता और राजदूत शामिल हुए। इससे पहले रविवार को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज के अध्यक्ष श्री शरीफ को इस पद के लिए हुए चुनाव के दौरान 336 सदस्यीय नेशनल असेंबली या संसद के निचले सदन में 92 के मुकाबले 201 वोट मिले।

शरीफ तब सत्ता में आए जब उनकी पार्टी ने पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी के सांसदों, मुत्ताहिदा कौमी मूवमेंट-पाकिस्तान और अन्य के साथ गठबंधन किया और उन्हें देश के मुख्य कार्यकारी पद के लिए अपने उम्मीदवार के रूप में नामित किया।

## चंडीगढ़ नगर निगम चुनाव

# वरिष्ठ उपमहापौर एवं उपमहापौर पदों पर भाजपा की जीत

**चंडीगढ़/भाषा।** चंडीगढ़ नगर निगम के लिए सोमवार को हुए पुनर्मतदान में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के कुलजीत सिंह संधू और राजिंदर शर्मा अपने प्रतिद्वंद्वी कांग्रेस उम्मीदवारों को हराकर क्रमश: वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर चुने गए हैं। उच्चतम न्यायालय ने चंडीगढ़ महापौर चुनाव के 30 जनवरी को घोषित परिणाम को 20 फरवरी को पलटते हुए आप-कांग्रेस गठबंधन के पराजित उम्मीदवार कुलदीप कुमार को शहर का नया महापौर घोषित किया था। न्यायालय ने 30 जनवरी के चुनाव के संचालन में गंभीर खामियां पाए जाने के बाद निर्वाचन अधिकारी अनिल मसीह, जो भाजपा नेता हैं, के खिलाफ ''गंभीर कदाचार'' के लिए मुकदमा चलाने का भी आदेश दिया था। चूंकि वरिष्ठ उपमहापौर और उपमहापौर के पद के चुनाव के लिए महापौर पीठासीन अधिकारी होता है, इसलिए इन पदों के लिए दोबारा मतदान कराया गया।



# स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा पेशा जहां पैसा कमाने के लक्ष्य से समाज कल्याण संभव नहीं है : राष्ट्रपति

**नई दिल्ली/भाषा।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कहा कि स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा पेशा है, जहां पैसा कमाना ही यदि मुख्य लक्ष्य हो तो समाज का कल्याण संभव नहीं है, इसीलिए स्वास्थ्य सेवा से जुड़े पेशेवरों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते समय करुणा, दयालुता और परोपकार के मूल्यों को अपना चारित्रिक गुण बनाना होगा। उन्होंने यह टिप्पणी महाराष्ट्र और मध्य प्रदेश के विभिन्न चिकित्सा महाविद्यालयों के छात्रों और मेडिकल/गैर-मेडिकल परामर्शदाताओं के एक समूह से बातचीत के दौरान की। ये सभी यहां राष्ट्रपति भवन में मुर्मू से मुलाकात करने आए थे। यह समूह डॉ. बाबासाहेब आंबेडकर वैद्यकीय प्रतिष्ठान के 'सेवांकुर भारत कार्यक्रम' के तहत दिल्ली में है।

राष्ट्रपति भवन की ओर से जारी एक बयान में मुर्मू के हवाले से कहा गया है, ''स्वास्थ्य सेवा एक ऐसा पेशा है, जहां पैसा कमाना मुख्य लक्ष्य होने पर समाज का कल्याण संभव नहीं है। यही कारण है कि स्वास्थ्य देखभाल पेशेवरों को अपने कर्तव्य का निर्वहन करते समय करुणा, दयालुता और परोपकार के मूल्यों को अपना चरित्र बनाना होगा।'' उन्होंने कहा, ''हम बाबासाहेब आंबेडकर के जीवन से सीख सकते हैं कि अपनी व्यक्तिगत सफलता का उपयोग समाज के कल्याण के लिए कैसे किया जाए।

# रामेश्वरम कैफे में विस्फोट की जांच एनआईए को सौंपी

**नई दिल्ली/बेंगलूरु।** बेंगलूरु शहर के एक मशहूर कैफे में हुए बम विस्फोट की जांच राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) को सौंप दी गयी है। सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी। पूर्वी बेंगलूरु के ब्रुकफील्ड में रामेश्वरम कैफे में एक मार्च को हुए विस्फोट में कम से कम 10 लोग घायल हो गए थे। सूत्रों के अनुसार, विस्फोट की जांच एनआईए को सौंप दी गयी है। इससे एक दिन पहले कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामैया ने कहा था कि उनकी सरकार जरूरत पड़ने पर इस मामले की जांच एनआईए को सौंपने पर विचार कर सकती है। अभी तक, इस विस्फोट के मामले में कर्नाटक पुलिस की जांच में एनआईए, राष्ट्रीय सुरक्षा समूह (एनएसजी) और खुफिया ब्यूरो (आईबी) के अधिकारियों ने मदद की है। सूत्रों ने बताया कि टोपी, मास्क और चश्मा पहने हुए एक व्यक्ति इस मामले में मुख्य संदिग्ध है और अभी उसका सुराग नहीं मिला है। ऐसी आशंका है कि इस विस्फोट में आईईडी का इस्तेमाल किया गया।



# अमृतधारा गौशाला में हुआ भजन संध्या कार्यक्रम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। यहां कनकपुरा रोड के दिनेपाल्या स्थित अमृतधारा गौशाला में रविवार को 'एक शाम गौ माता के नाम' भजन संध्या का आयोजन किया गया। समारोह की अध्यक्षता समाजसेवक व गौप्रेमी महेन्द्र मुणोत ने की। उन्होंने दीप जलाकर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। राजस्थान के प्रसिद्ध भजन गायक ओम मुंडेल, स्थानीय गायक सुरेश पारीक, आरजे रामसा आदि ने एक से बढ़कर एक सुन्दर सुरीले भजनों की प्रस्तुति दी। देर रात तक चले इस भजन संध्या में गौ भक्त झूमते रहे। अतिथि महेन्द्र मुणोत ने गौमाता के गुणगान करते हुए गाय की उपयोगिता को देखते हुए गौ सेवा मानव जाति का मुख्य कर्त्तव्य बताया। उन्होंने कहा कि प्रतिदिन दो रोटी गाय की अपने हाथ से हो सके तो गाय को देना चाहिए। गौशाला के प्रमुख बीजे शर्मा, संतोष तिवारी, अमित शर्मा एवं राजण्णा ने दानदाताओं एवं अतिथियों का सम्मान किया। संचालन मनीष मुंडवा ने किया।

## आमंत्रण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



सोमवार को चन्द्रप्रभु कामधेनु गौशाला महिला ट्रस्ट की महिला सदस्यों ने विजयनगर में विराजित श्री राजपद्मसागरजी, श्री श्रमणपद्मसागरजी म. सा. को नेलमंगला में चन्द्रप्रभुस्वामी के मन्दिर एवं गौशाला की 13 मार्च को होने वाली सातवीं ध्वजारोहण समारोह के लिए आमंत्रित किया। इस मौके पर शारदा चौधरी, नन्दा मेहता, मधु तातेड, ममता कोठारी एवं सन्तोष मेहता उपस्थित थीं।

# कृत्रिम मेधा पर परामर्श बड़े मंचों के लिए, स्टार्टअप के लिए नहीं : चंद्रशेखर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी राज्यमंत्री राजीव चंद्रशेखर ने सोमवार को कहा कि सरकार का कृत्रिम मेधा (एआई) पर परामर्श बड़ी कंपनियों और परीक्षण के दौर से गुजर रहे मंचों के लिए है। यह स्टार्टअप इकाइयों पर लागू नहीं होता है।

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से संबंधित प्रश्नों पर गूगल के कृत्रिम मेधा मंच की प्रतिक्रिया पर विवाद के बाद, सरकार ने एक मार्च को सोशल मीडिया और अन्य मंचों के लिए परामर्श जारी किया। इसमें परीक्षण स्तर पर एआई मॉडल को चिन्हित करने और गैरकानूनी सामग्री हटाने की बात शामिल है।

इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय ने मध्यस्थों और मंचों को जारी परामर्श में नियमों का अनुपालन नहीं करने की स्थिति में आपराधिक कार्रवाई की चेतावनी दी है। चन्द्रशेखर ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा है, जो परामर्श जारी किए गए हैं, वे बड़े मंचों के लिए है।

मंत्रालय से अनुमति की बात केवल बड़े मंचों के लिए है और यह बात स्टार्टअप पर लागू नहीं होगी। परामर्श का उद्देश्य बिना परीक्षण वाले एआई मंचों को भारतीय इंटरनेट पर उपयोग करने से रोकना है। सभी डिजिटल मंचों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि अगर वे कृत्रिम मेधा मॉडल, बड़े भाषा मॉडल, जेनरेटिव' एआई, सॉफ्टवेयर का उपयोग कर रहे हैं, तो उसमें कोई भी गैरकानूनी सामग्री नहीं हो। वे ऐसी किसी भी गलत सामग्री को प्रदर्शित, अपलोड, प्रसारित आदि करने की अनुमति नहीं देंगे।

परामर्श में परीक्षण के स्तर पर, गैर-भरोसेमंद एआई मॉडल, जेनरेटिव एआई आदि का उपयोग और उपयोगकर्ताओं के लिए इसकी उपलब्धता सरकार की स्पष्ट अनुमति के साथ होगी।

साथ ही इंटरनेट पर उपयोगकर्ताओं के लिए इसकी उपलब्धता उपयुक्त जानकारी वाला 'लेबल' लगाने के बाद ही उसे रखने को कहा गया है।


चंद्रशेखर ने कहा, अनुमति लेने की प्रक्रिया, लेबलिंग और परीक्षण के दौर से गुजर रहे मंचों के बारे में उपयोगकर्ता के लिए खुलासा, मंचों के लिए बीमा पॉलिसी है। ऐसा नहीं होने पर उपभोक्ता मुकदमा दायर कर सकता है। भारत के इंटरनेट की सुरक्षा और भरोसा सरकार, उपयोगकर्ताओं और मंचों के लिए एक साझी जिम्मेदारी और लक्ष्य है।

उल्लेखनीय है कि गूगल के कृत्रिम मेधा मंच जेमिनी ने प्रधानमंत्री मोदी की नीतियों के बारे में विवादित टिप्पणियां कीं।

प्रधानमंत्री के बारे में पूछे गए सवालों पर जेमिनी की प्रतिक्रिया पर सरकार ने कड़ी प्रतिक्रिया दी। चंद्रशेखर ने इसे आईटी कानून का उल्लंघन बताया।

# बैंक को भुगतान 'एग्रीगेटर' से अलग-अलग जुड़ने की जरूरत इसी साल खत्म हो जाएगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**मुंबई/भाषा।** रिजर्व बैंक के गवर्नर शक्तिकांत दास ने सोमवार को कहा कि इंटरनेट बैंकिंग की सुगम भुगतान प्रणाली की 2024 में शुरुआत होने की संभावना है जिससे कारोबारियों को लेनदेन के फौरन निपटान की सुविधा मिल सकेगी। इंटरनेट बैंकिंग ऑनलाइन भुगतान लेनदेन के सबसे पुराने तरीकों में से एक है और यह आयकर, बीमा प्रीमियम, म्यूचुअल फंड भुगतान और ई-कॉमर्स जैसे भुगतानों के लिए एक पसंदीदा तरीका है।

फिलहाल इस तरह के लेनदेन भुगतान 'एग्रीगेटर' (पीए) के माध्यम से संपन्न होते हैं। लेकिन इस लेनदेन में एक बैंक को अलग-अलग ऑनलाइन मंचों के हरेक भुगतान एग्रीगेटर के साथ अलग से संबद्ध होने की जरूरत होती है।

भुगतान 'एग्रीगेटर' एक तृतीय-पक्ष सेवा प्रदाता है जो ग्राहकों को ऑनलाइन भुगतान स्वीकार करने और व्यवसायों को भुगतान स्वीकार करने में सक्षम बनाता है। केंद्रीय बैंक के गवर्नर ने यहां डिजिटल भुगतान जागरूकता सप्ताह समारोह को संबोधित करते हुए कहा, कई भुगतान एग्रीगेटर के होने से एक बैंक के लिए हरेक पीए के साथ एकीकृत होना मुश्किल होता है। इसके अलावा, एक भुगतान प्रणाली के अभाव और ऐसे लेनदेन के लिए अलग नियम होने से व्यापारियों को भुगतान की राशि खाते में आने में देरी होती है और निपटान जोखिम भी बना रहता है।

इन बाधाओं को ध्यान में रखते हुए, आरबीआई के 'भुगतान दृष्टिकोण 2025' में इंटरनेट बैंकिंग लेनदेन के लिए एक अंतर-संचालनीय भुगतान प्रणाली की परिकल्पना की गई थी। इसके लिए आरबीआई ने एनपीसीआई भारत बिलपे लिमिटेड (एनबीबीएल) को ऐसी प्रणाली लागू करने की मंजूरी दी थी। दास ने कहा, हमें चालू कैलेंडर वर्ष के दौरान इंटरनेट बैंकिंग के लिए यह भुगतान प्रणाली शुरू होने की उम्मीद है। नई प्रणाली से कारोबारियों को धन के त्वरित निपटान की सुविधा होगी। इस उपाय से डिजिटल भुगतान में उपयोगकर्ताओं का भरोसा बढ़ेगा। उन्होंने कहा कि देश की प्रमुख भुगतान प्रणाली 'यूपीआई' न केवल भारत बल्कि दुनिया भर में सबसे अधिक चर्चित त्वरित भुगतान प्रणाली बन गई है।

डिजिटल भुगतान में यूपीआई की हिस्सेदारी 2023 में 80 प्रतिशत के करीब पहुंच गई। वृहद स्तर पर, यूपीआई लेनदेन की संख्या कैलेंडर वर्ष 2017 के 43 करोड़ से बढ़कर 2023 में 11,761 करोड़ हो गई। यूपीआई के जरिये एक दिन में लगभग 42 करोड़ लेनदेन किए जा रहे हैं। दास ने कहा कि डिजिटल भुगतान में भरोसा पारदर्शिता, इस्तेमाल में आसानी और सबसे बढ़कर सुरक्षा के दम पर पैदा हुआ है। ऐसे में भुगतान प्रणाली की सुरक्षा और सुरक्षा की धारणा को मजबूत करना बहुत महत्वपूर्ण है।

# महाराष्ट्र सरकार किसानों की आय दोगुना करने की दिशा में काम कर रही : शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**वाशिम(महाराष्ट्र)/भाषा।** महाराष्ट्र के मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने सोमवार को कहा कि राज्य सरकार ने किसानों की आय दोगुना करने के मकसद से विभिन्न प्रकार की कई योजनाएं लागू की हैं।

वाशिम में बालासाहेब ठाकरे शेतकरी प्रशिक्षण केंद्र के उद्घाटन के अवसर पर एक सभा को संबोधित करते हुए शिंदे ने कहा कि सरकार सूखे, अत्यधिक बारिश और अन्य मुद्दों के दौरान हमेशा किसानों के साथ खड़ी रही है। वाशिम जिला सबसे बड़े कपास उत्पादक क्षेत्र के रूप में मशहूर विदर्भ में स्थित है। शिंदे ने कहा, महायुति सरकार का गठन बालासाहेब ठाकरे की विचारधारा से प्रेरित होकर किया गया था। हमने पिछले 17 से 24 महीनों में किसानों को कुल 35,000 करोड़ रुपए की वित्तीय सहायता प्रदान की है। महा विकास आघाडी सरकार के गिरने के बाद जून 2022 में मुख्यमंत्री बने शिंदे ने कहा कि राज्य में पहली बार उनकी सरकार ने किसानों को केवल एक रुपए के भुगतान पर फसल बीमा प्रदान किया है। उन्होंने कहा कि सरकार ने किसानों के लिए कई योजनाएं शुरू की हैं जिनका लक्ष्य उनकी आय दोगुना करना है।

# जम्मू कश्मीर में चुनाव पूर्व गठबंधन से भाजपा का इनकार



**श्रीनगर/भाषा।** लोकसभा और विधानसभा चुनावों के लिए किसी चुनाव पूर्व गठबंधन से इनकार करते हुए भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की जम्मू कश्मीर इकाई के प्रमुख रवींद्र रैना ने सोमवार को कहा कि पार्टी को चुनाव बाद भी गठजोड़ की आवश्यकता नहीं पड़ेगी क्योंकि केंद्र शासित प्रदेश में यह सभी सीट पर जीत हासिल करेगी।

रैना ने कहा, भाजपा जम्मू कश्मीर में सभी पांच सीट पर चुनाव लड़ने को तैयार है। हम अपने बूते लोकसभा चुनाव लड़ेंगे। निर्वाचन आयोग जब विधानसभा चुनावों ( जम्मू कश्मीर के लिए) की घोषणा करेगा, हम अपने बूते चुनाव लड़ेंगे। उन्होंने कहा, हम आश्वस्त हैं कि हम दोनों चुनाव जीतेंगे क्योंकि भाजपा को जम्मू कश्मीर के लोगों का प्यार मिल रहा है। रैना ने कहा, कश्मीर के लोगों के लिए यह खुशी की बात है कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी 7 मार्च को (कश्मीर) घाटी आ रहे हैं। प्रधानमंत्री की बख्शी स्टेडियम में होने वाली रैली में दो लाख से ज्यादा लोग हिस्सा लेंगे।

# वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से ईडी के सामने पेश होने को तैयार हूं : केजरीवाल

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल आबकारी नीति मामले के संबंध में प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा जारी किए गए आठवें समन के बाद भी सोमवार को उसके सामने पेश नहीं हुए लेकिन उन्होंने कहा कि वह 12 मार्च के बाद वीडियो-कॉन्फ्रेंस के माध्यम से एजेंसी के सामने पेश होने को तैयार हैं। सरकारी सूत्रों ने सोमवार को यह जानकारी दी।

प्रवर्तन निदेशालय में सूत्रों ने बताया कि एजेंसी केजरीवाल के जवाब की समीक्षा कर रही है। उन्होंने कहा कि जांच एजेंसी केजरीवाल के डिजिटल माध्यम से पेश होने के अनुरोध को स्वीकार नहीं कर सकती और मामले में पूछताछ के लिए उन्हें नौवां समन जारी कर सकती है। आम आदमी पार्टी (आप) ने आरोप लगाया कि जांच एजेंसी का इरादा पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक केजरीवाल को ''लोकसभा चुनाव के बीच'' गिरफ्तार करना है। लोकसभा चुनाव अप्रैल-मई में होने की संभावना है लेकिन निर्वाचन आयोग ने अभी इस संबंध में घोषणा नहीं की है। केजरीवाल ने ईडी द्वारा जारी इन समन को अवैध बताया है। उन्होंने एजेंसी से कहा है कि प्रवर्तन निदेशालय को समन जारी करने से पहले इस मामले में अदालत के फैसले का इंतजार करना चाहिए।

सूत्रों के अनुसार, मुख्यमंत्री ने अपने हालिया जवाब में कहा कि समन ''अवैध'' हैं लेकिन फिर भी वह जांच एजेंसी के सवालों का जवाब देने के लिए तैयार हैं। अरविंद केजरीवाल को 16 मार्च को शहर की एक अदालत के सामने भी पेश होना है।

# जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा तुरंत बहाल किया जाना चाहिए : आजाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**श्रीनगर/भाषा।** डेमोक्रेटिक प्रगतिशील आज़ाद पार्टी (डीपीएपी) के अध्यक्ष गुलाम नबी आजाद ने सोमवार को कहा कि केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव होने के तुरंत बाद जम्मू कश्मीर का राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए। आजाद ने यहां से 75 किलोमीटर दूर अनंतनाग जिले के ऐशमुकाम इलाके में एक रैली में कहा, प्रधानमंत्री और गृह मंत्री ने संसद में जम्मू कश्मीर को राज्य का दर्जा बहाल करने का वादा किया है। हमने इस बात पर जोर दिया था कि यह विधानसभा चुनाव से पहले किया जाना चाहिए, लेकिन सरकार ने कहा कि वह इसे विधानसभा चुनाव के बाद करेगी।

पूर्व मुख्यमंत्री आजाद ने कहा कि चुनाव के तुरंत बाद राज्य का दर्जा बहाल किया जाना चाहिए क्योंकि सरकार ने इसके लिए समय सीमा निर्दिष्ट नहीं की है। उन्होंने कहा, चुनाव के बाद काफी समय लग सकता है। लेकिन यह तुरंत होना चाहिए।

इस सप्ताह के अंत में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के कश्मीर दौरे पर आजाद ने कहा कि यह दौरा लंबे समय से लंबित है। उन्होंने कहा, प्रधानमंत्री देश के विभिन्न हिस्सों का दौरा करते हैं। उनका कश्मीर दौरा लंबे समय से लंबित था, उन्होंने पिछले सप्ताह (महीने) जम्मू का दौरा किया था। मैं प्रधानमंत्री से उन कार्यों को पूरा करने का अनुरोध करूंगा जो स्थानीय प्रशासन नहीं कर सकता। मैं अनुरोध करूंगा कि दो थर्मल बिजली परियोजनाएं- कश्मीर और जम्मू क्षेत्रों में एक-एक स्थापित की जाएं, जिनकी कुल उत्पादन क्षमता 4,000 मेगावाट होगी ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि जम्मू कश्मीर में ऊर्जा की कोई कमी नहीं हो।

# सार्वजनिक संपत्ति को हुई क्षति की भरपाई दंगाइयों को करनी होगी: उत्तराखंड सरकार

**देहरादून/भाषा।** दंगाइयों पर नकेल कसने के उद्देश्य से कदम उठाते हुए, उत्तराखंड सरकार ने सोमवार को कहा कि ऐसे अपराधियों को सार्वजनिक संपत्ति को हुई क्षति की भरपाई करनी होगी।

सरकार का यह फैसला हल्द्वानी में पथराव, आगजनी और गोलीबारी की घटनाओं के करीब एक महीने बाद आया है। इस घटना में छह लोगों की जान गई थी और 100 से ज्यादा लोग घायल हुए थे।

हल्द्वानी के बनभूलपुरा इलाके में एक अवैध मदरसे को तोड़े जाने को लेकर भड़की हिंसा के दौरान कई वाहनों और एक थाने को आग लगा दी गई थी।

राज्य मंत्रिमंडल ने एक विशेष दावा न्यायाधिकरण स्थापित करने के लिए एक अध्यादेश लाने को अपनी मंजूरी दे दी। यह दंगों और अशांति के मामले में सार्वजनिक संपत्ति को नुकसान पहुंचाने के लिए दंगाइयों से ही धन की वसूली करेगा।

# अजित पवार ने सांसद अमोल कोल्हे पर साधा निशाना, कहा- राजनीति उनका क्षेत्र नहीं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**पुणे/भाषा।** महाराष्ट्र के उप मुख्यमंत्री अजित पवार ने सोमवार को अभिनेता और राकांपा (शरद पवार गुट) के सांसद अमोल कोल्हे पर कटाक्ष करते हुए कहा कि यदि राजनीतिक दलों को विरोधी उम्मीदवार अपराजेय लगते हैं तो वे मशहूर हस्तियों को चुनाव में उतारते हैं।

पुणे जिले में कोल्हे के निर्वाचन क्षेत्र शिरूर में किसानों की एक बैठक को संबोधित करते हुए अजित पवार ने कहा कि सांसद का क्षेत्र राजनीति नहीं है क्योंकि उन्होंने कार्यकाल के दो साल बाद ही इस्तीफा देने की पेशकश की थी। अजित ने कहा, मैं कोल्हे को दूसरी पार्टी से लाया था और उन्हें टिकट दिया था और राकांपा नेता दिलीप वाल्से के साथ मिलकर 2019 के लोकसभा चुनाव में उनकी जीत सुनिश्चित करने की जिम्मेदारी ली थी। हमने शुरू में कोल्हे को उत्साही पाया, लेकिन दो साल के अंदर ही वह मेरे पास आए और इस्तीफा देने की पेशकश करते हुए कहा कि उनका अभिनय करियर प्रभावित हो रहा है। अजित पवार ने कहा कि लोगों ने पिछले चार वर्षों में निर्वाचन क्षेत्र में कोल्हे की मौजूदगी पर सवाल उठाए हैं।

उन्होंने कहा कि यदि राजनीतिक दलों को कोई विशेष विपक्षी उम्मीदवार अपराजेय लगता है, तो वे व्यापक अपील के चलते मशहूर हस्तियों को उनके मुकाबले के लिए चुनावी मैदान में उतारते हैं।

# ईडी का आरोप: कांग्रेस नेता खुर्शीद की पत्नी लुईस और दो अन्य ने सरकारी धन की हेराफेरी की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने सोमवार को आरोप लगाया कि कांग्रेस के वरिष्ठ नेता सलमान खुर्शीद की पत्नी लुईस खुर्शीद और दो अन्य ने अपने निजी लाभ के लिए केंद्र सरकार के 71.50 लाख रुपए का ''शोधन'' किया। ईडी ने एक बयान में कहा कि उसने धनशोधन निवारण कानून (पीएमएलए) के प्रावधानों के तहत उत्तर प्रदेश के फर्रुखाबाद जिले में स्थित 15 कृषि भूखंड और डॉ जाकिर हुसैन मेमोरियल ट्रस्ट की कुल 45.92 लाख रुपए की कुछ बैंक जमा राशि को अस्थायी रूप से कुर्क कर लिया है।

ईडी ने दावा किया कि एक जांच में यह पाया गया है कि ''ट्रस्ट को प्राप्त 71.50 लाख रुपए के अनुदान का इस्तेमाल भारत सरकार द्वारा स्वीकृत शिविरों के आयोजन के लिए नहीं किया गया था, बल्कि इसका इस्तेमाल ट्रस्ट के प्रतिनिधि प्रत्यूष शुक्ला, सचिव मोहम्मद अतहर और परियोजना निदेशक लुईस खुर्शीद द्वारा ट्रस्ट के हित और अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए किया गया था।

एजेंसी ने कहा है कि इस प्रकार अनुदान के तौर पर प्राप्त धनराशि को अपने व्यक्तिगत लाभ के लिए इस्तेमाल किया गया और यह अपराध से अर्जित आय की श्रेणी में आया।

धनशोधन का यह मामला उत्तर प्रदेश पुलिस की आर्थिक अपराध शाखा की 17 प्राथमिकी से उत्पन्न हुआ है।

# कांग्रेस विधायक अर्जुन मोढवाडिया ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दिया



**अहमदाबाद/भाषा।** कांग्रेस के वरिष्ठ नेता और पार्टी की गुजरात इकाई के पूर्व अध्यक्ष अर्जुन मोढवाडिया ने सोमवार को विधानसभा की सदस्यता से इस्तीफा दे दिया। विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय ने यह जानकारी दी। पोरबंदर से विधायक मोढवाडिया ने गांधीनगर में गुजरात विधानसभा के अध्यक्ष शंकर चौधरी को इस्तीफा सौंपा। विधानसभा अध्यक्ष कार्यालय ने पुष्टि की कि चौधरी ने मोढवाडिया का इस्तीफा स्वीकार कर लिया है। मोढवाडिया के इस्तीफे के साथ ही 182 सदस्यीय विधानसभा में कांग्रेस के विधायकों की संख्या घटकर 14 रह गई है। गुजरात के सबसे वरिष्ठ और प्रभावशाली विपक्षी नेताओं में से एक, मोढवाडिया ने 2022 के चुनावों में पोरबंदर विधानसभा क्षेत्र में भाजपा के दिग्गज नेता बाबू बोखिरिया को हराया था। कांग्रेस सांसद राहुल गांधी की 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' सात मार्च को गुजरात में प्रवेश करेगी, जिससे कुछ दिन पहले मोढवाडिया ने विधानसभा सदस्यता से इस्तीफा दिया है।

# मोदी सरकार ने सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरी के अवसर खत्म किए : राहुल गांधी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**शिवपुरी/गुना (मप्र)/भाषा।** कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष राहुल गांधी ने सोमवार को आरोप लगाया कि अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति और अन्य पिछड़ा वर्ग (ओबीसी) के युवाओं को पहले सार्वजनिक क्षेत्र की इकाइयों में नौकरियां मिल जाती थीं, लेकिन मोदी सरकार ने इस अवसर को भी खत्म कर दिया। मध्य प्रदेश में 'भारत जोड़ो न्याय यात्रा' के दौरान सभाओं को संबोधित करते हुए गांधी ने मीडिया पर चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट और बॉलीवुड का राग अलापकर लोगों का ध्यान भटकाने का भी आरोप लगाया।

कांग्रेस नेता ने दावा किया कि मीडिया अंबानी परिवार में शादी को कवर करने में व्यस्त है, लेकिन उसके पास प्रमुख मुद्दों को कवर करने का समय नहीं है। उन्होंने कहा, देश तीन प्रमुख चुनौतियों, बेरोजगारी, महंगाई और भ्रष्टाचार का सामना कर रहा है, लेकिन वे मीडिया से गायब हो गए हैं। वे (मीडिया) आपको ये मुद्दे नहीं दिखाएंगे, लेकिन वे आपसे चीन, पाकिस्तान, क्रिकेट या बॉलीवुड के बारे में दिखाकर आपका ध्यान भटकाएंगे। उन्होंने आरोप लगाया, जैसे ही आपका ध्यान इधर-उधर जाएगा, आपकी जेब से पैसा निकल जाएगा और सीधे अडाणी जी की जेब में चला जाएगा। शिवपुरी में अपने भाषण के बीच में राहुल गांधी ने एक सुरक्षाकर्मी द्वारा ले जाई जा रही राइफल की ओर इशारा किया और उससे इसके निर्माण के बारे में पूछा। इसके तत्काल के बाद उन्होंने कहा, यह एक इंसास राइफल है, जिसे अडाणी द्वारा भारतीय टैग के तहत इज़राइल की मदद से निर्मित किया जा रहा है। पहले, राइफल का निर्माण आयुध कारखाने में किया जाता था, जो अब एक बंद इकाई है।

# कार पेड़ से टकराई, कर्नाटक के पांच लोगों की मौत

**बेल्लारी/हैदराबाद।** तेलंगाना के वानपर्ति जिले में एक कार के पेड़ से टकराने की वजह से उसमें सवार कर्नाटक के पांच लोगों की मौत हो गई तथा छह अन्य जख्मी हो गए। पुलिस ने सोमवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि यह हादसा हैदराबाद-बेंगलूरु राष्ट्रीय राजमार्ग पर कोठकोटा थाना क्षेत्र के तहत आने वाले इलाके में रविवार-सोमवार की दरमियानी रात करीब ढाई बजे हुआ। पुलिस के मुताबिक, मृतकों में तीन बच्चे और दो बुजुर्ग शामिल हैं जबकि कार सवार अन्य छह लोग जख्मी हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि उनका विभिन्न अस्पतालों में इलाज किया जा रहा है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि शुरुआती जांच में पता चला है कि कार चला रहे व्यक्ति की आंख लग गई थी जिस वजह से वह गाड़ी पर से नियंत्रण खो बैठा और वाहन सड़क किनारे लगे पेड़ से टकरा गया।

# कर्नाटक में 'पाकिस्तान जिंदाबाद' नारे पर निजी प्रयोगशाला की रिपोर्ट को लेकर विवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**बेंगलूरु।** कर्नाटक में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोमवार को एक निजी फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला की जांच रिपोर्ट का उल्लेख किया जिसमें कहा गया है कि यहां 27 फरवरी को राज्यसभा चुनाव में कांग्रेस के एक उम्मीदवार की जीत के बाद 'पाकिस्तान जिंदाबाद'' का नारा लगाया गया था। भाजपा ने इस कथित घटना को लेकर झूठ फैलाने'' के लिए सत्तारूढ़ कांग्रेस पर निशाना साधा। इसके जवाब में गृह मंत्री जी परमेश्वर ने कहा कि सरकार निजी रिपोर्ट पर विचार नहीं करती है।

सैयद नसीर हुसैन के समर्थकों ने राज्यसभा चुनाव में उनकी जीत के बाद विधान सौधा'' के गलियारे में कथित तौर पर पाकिस्तान समर्थक नारे लगाए थे। इसके बाद सत्तारूढ़ कांग्रेस और भाजपा के बीच राजनीतिक खींचतान शुरू हो गयी। मुख्यमंत्री सिद्दरामैया की अगुवाई में कांग्रेस सरकार ने इन आरोपों की सत्यता की जांच के लिए सरकार द्वारा संचालित एक फॉरेंसिक विज्ञान प्रयोगशाला द्वारा जांच का आदेश दिया है। भाजपा ने 'क्लू4 एवीडेंस फॉरेंसिक इन्वेटिगेशंस प्राइवेट लिमिटेड' द्वारा तैयार की जांच रिपोर्ट अपने सोशल मीडिया हैंडल पर पोस्ट की। इस रिपोर्ट पर शहर के 'संवदा फाउंडेशन' की ओर से ऑडियो फॉरेंसिक परीक्षक फणींद्र बी एन ने हस्ताक्षर किए हैं। फणींद्र ने कहा कि उनकी राय में इस घटना की वीडियो से छेड़छाड़ नहीं की गयी और यह एक बार में रिकार्ड की गयी है।

# न्यायालय ने सनातन धर्म पर विवादित टिप्पणी के लिए उदयनिधि स्टालिन से नाराजगी जाहिर की



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/नई दिल्ली।** उच्चतम न्यायालय ने सोमवार को तमिलनाडु के मंत्री उदयनिधि स्टालिन को उनकी 'सनातम धर्म को मिटाने' संबंधी टिप्पणी को लेकर अप्रसन्नता जताई और पूछा कि वह भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता के अपने अधिकार का दुरुपयोग करने के बाद अपनी याचिका लेकर शीर्ष अदालत के पास क्यों आए हैं।

न्यायमूर्ति संजीव खन्ना और न्यायमूर्ति दीपांकर दत्ता की पीठ ने स्टालिन से कहा कि वह एक मंत्री हैं और उन्हें अपनी टिप्पणी के परिणाम पता होने चाहिए थे। पीठ ने कहा, आपने संविधान के अनुच्छेद 19(1)(अ) के तहत (भाषण एवं अभिव्यक्ति की स्वतंता के) अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है। आपने अनुच्छेद 25 (अंतरात्मा की स्वतंत्रता एवं धर्म को अपनाने, अनुपालन और प्रचार-प्रसार करने की स्वतंत्रता) के तहत अपने अधिकार का दुरुपयोग किया है तथा अब आप अनुच्छेद 32 (उच्चतम न्यायालय में रिट याचिका दायर करने) के तहत अपने अधिकार का इस्तेमाल कर रहे हैं? क्या आप अपनी टिप्पणी के नतीजे नहीं जानते थे? आप आम आदमी नहीं हैं। आप एक मंत्री हैं। आपको पता होना चाहिए था कि इस तरह की टिप्पणी का क्या परिणाम होगा। न्यायालय ने मामले पर सुनवाई 15 मार्च तक के लिए स्थगित कर दी।

तमिलनाडु के मुख्यमंत्री और राज्य में सत्तारूढ़ द्रमुक के प्रमुख एम. के. स्टालिन के बेटे उदयनिधि स्टालिन ने सितंबर 2023 में एक सम्मेलन में कहा था कि 'सनातन धर्म सामाजिक न्याय तथा समानता के खिलाफ है और उसका उन्मूलन' किया जाना चाहिए। उन्होंने सनातन धर्म की तुलना कोरोना वायरस, मलेरिया और डेंगू से करते हुए कहा था कि इसे (सनातन धर्म को) खत्म कर दिया जाना चाहिए। वह राज्य की द्रविड़ मुनेत्र कषगम (द्रमुक)-नीत सरकार में युवा कल्याण एवं खेल मामलों के मंत्री हैं।

उदयनिधि स्टालिन की ओर से पेश वरिष्ठ अधिवक्ता अभिषेक सिंघवी ने कहा कि वह अपने मुवक्किल की टिप्पणियों को उचित नहीं ठहरा रहे हैं, बल्कि केवल छह राज्यों में उनके खिलाफ दर्ज प्राथमिकी को एकसाथ जोड़ने का अनुरोध कर रहे हैं। इसके बाद शीर्ष अदालत ने उन्हें संबंधित उच्च न्यायालयों का दरवाजा खटखटाने को कहा। पत्रकार अर्नब गोस्वामी, भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेता नूपुर शर्मा और कुछ अन्य लोगों से जुड़े मामलों में शीर्ष अदालत के आदेशों का जिक्र करते हुए सिंघवी ने कहा कि इन सभी मामलों में शीर्ष अदालत प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने पर सहमत हुई थी।

सिंघवी ने कहा, मैं (मामले के) गुण-दोष पर एक शब्द भी नहीं कह रहा हूं, मैं इसे उचित नहीं ठहरा रहा हूं या आलोचना नहीं कर रहा हूं। मामले के गुण-दोष का प्राथमिकी को एक साथ जोड़ने की याचिका पर असर नहीं पड़ने दें। शीर्ष अदालत ने कहा कि वह संबंधित फैसलों और कुछ मामलों की सुनवाई की प्रगति देखने के बाद 15 मार्च को इस पर सुनवाई करेगी।

शीर्ष अदालत ने पिछले साल 22 सितंबर को चेन्नई के वकील बी. जगन्नाथ की उस याचिका की सुनवाई पर सहमति जता दी थी जिसमें उन्होंने स्टालिन और कुछ अन्य लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की अनुमति मांगी थी, जिन्होंने स्टालिन की टिप्पणी एवं नफरती भाषण का समर्थन किया था।

जगन्नाथ ने अपनी याचिका में तमिलनाडु पुलिस प्रमुख को सम्मेलन के आयोजकों और मंत्रियों उदयनिधि स्टालिन, पीके शेखर बाबू सहित कथित तौर पर घृणास्पद भाषण देने वालों के खिलाफ तुरंत प्राथमिकी दर्ज करने का निर्देश देने की मांग की है। याचिकाकर्ता ने अदालत से दो सितंबर, 2023 को चेन्नई में 'सनातन धर्म उन्मूलन' सम्मेलन नामक कार्यक्रम में राज्य के मंत्रियों की भागीदारी को असंवैधानिक घोषित करने का भी आग्रह किया है।



# उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ होंगे ईशा महाशिवरात्रि के मुख्य अतिथि

## गायक शंकर महादेवन, गुरदास मान आदि देंगे प्रस्तुति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कोयम्बटूर।** ईशा योग संस्थान में 8 मार्च को होने जा रही महाशिवरात्रि महोत्सव समारोह में मुख्यअतिथि के रूप में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ उपस्थित होंगे।

8 मार्च को शाम 6 बजे से 9 मार्च को सुबह 6 बजे तक चलने वाले इस महाशिवरात्रि महोत्सव को पूरे विश्व में 140 करोड़ से अधिक लोगों द्वारा देखा जाने वाला यह कार्यक्रम 22 भाषाओं में यूट्यूब और अन्य चैनलों के माध्यम से प्रसारित होगा। रात भर चलने वाले इस कार्यक्रम में सद्गुरु द्वारा निर्देशित गहन ध्यान, उत्सवपूर्ण संगीत और मंत्रमुग्ध नृत्य प्रदर्शन होंगे।

सद्गुरु, जो शक्तिशाली मध्यरात्रि और ब्रह्म मुहूर्तम ध्यान के माध्यम से लाइव और ऑनलाइन दर्शकों का मार्गदर्शन करेंगे, शिव की भव्य रात पर अपनी रीढ़ को सीधा रखने के महत्व पर जोर देते हैं।

सद्गुरु कहते हैं इस दिन का महत्व यह है कि मानव शरीर में ऊर्जा का ऊर्ध्वगमन होता है। इसलिए इस रात को हम जागते हुए, जागरूक होकर, अपनी रीढ़ की हड्डी को सीधा रखते हुए बिताना चाहते हैं ताकि हम जो भी साधना कर रहे हैं, उसमें प्रकृति की ओर से भरपूर मदद मिले।

यह कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ की उपस्थिति होगी और मंच पर शंकर महादेवन, गुरदास मान, पवनदीप राजन, रथजीत भट्टाचार्जी, महालिंगम, मूरलाल मारवाड़ा जैसे प्रसिद्ध कलाकारों की मनमोहक प्रस्तुतियाँ देखने को मिलेंगी। ब्रोधा वी, पैराडॉक्स, एमसी हेम, धारावी प्रोजेक्ट जैसे रैपर्स; फ्रांसीसी संगीतकार, साउंड्स ऑफ ईशा और ईशा संस्कृति वहां उपस्थित समाज के सभी क्षेत्रों से पहुंचे हजारों लोगों को देखने को मिलेगी।

उत्सव की शुरुआत ध्यानलिंग में पंचभूत आराधना के साथ होगी, जो तात्विक शुद्धि की एक शक्तिशाली योगिक प्रक्रिया है, इसके बाद लिंग भैरवी महायात्रा, सद्गुरु के प्रवचन, विस्फोटक ध्यान और शानदार आदियोगी दिव्यदर्शनम, जो योग की उत्पत्ति को दर्शाने वाली एक शक्तिशाली दृश्य यात्रा है।

हाल के वर्षों में, ईशा महाशिवरात्रि उत्सव ने लगातार स्ट्रीमिंग रिकॉर्ड तोड़ दिए हैं। इसे दुनिया भर के साधकों के लिए वास्तव में एक गहन, आध्यात्मिक अनुभव बनाने के लिए, रुद्राक्ष दीक्षा, इन द ग्रेस ऑफ योग कार्यक्रम, यक्ष महोत्सव, महाअन्नदानम, और महाशिवरात्रि और शिवांग साधना की पेशकश की जा रही है।



# प्रधानमंत्री मोदी ने तमिलनाडु में परमाणु ऊर्जा संयंत्र का दौरा किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**कलपक्कम।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को यहां एक परमाणु ऊर्जा संयंत्र का दौरा किया, जहां बिजली उत्पादन के संबंध में एक महत्वपूर्ण प्रक्रिया शुरू हुई। चेन्नई से करीब 60 किलोमीटर दूर स्थित कलपक्कम में स्वदेशी प्रोटोटाइप फास्ट ब्रीडर रिएक्टर (पीएफबीआर) की 'कोर लोडिंग' की शुरुआत प्रधानमंत्री की मौजूदगी में हुई। यह 500 मेगावाट का फास्ट ब्रीडर रिएक्टर भारतीय नाभिकीय विद्युत निगम लिमिटेड (भाविनी) द्वारा विकसित किया गया है। दौरे के दौरान राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल समेत अन्य लोग भी प्रधानमंत्री के साथ थे।

# तमिलनाडु में शुरू हुई 11वीं कक्षा की बोर्ड परीक्षाएं

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु राज्य बोर्ड की 11वीं की परीक्षा सोमवार से शुरू हुई जो 25 मार्च तक चलेगी। स्कूल शिक्षा विभाग के अधिकारियों ने कहा कि 3,89,376 छात्र और 4,30,471 छात्राएं राज्य की 7,534 स्कूलों से एग्जाम में हिस्सा लेंगे। उन्होंने कहा कि 5,000 निजी पंजीकृत छात्र और 187 जेल कैदी भी परीक्षा में शामिल हो रहे हैं।

अधिकारियों ने कहा, निगरानी के लिए लगभग 46,700 पर्यवेक्षक ड्यूटी पर लगाए हैं। परीक्षा केंद्रों पर किसी भी तरह की गड़बड़ी को रोकने के लिए 3,200 उड़न दस्ते तैनात किए गए हैं। प्रदेशभर में परीक्षा के लिए 3,302 परीक्षा केंद्र बनाए गए हैं। शिक्षा मंत्री अंबिल महेश पोय्यामोझी ने बताया कि परीक्षा शुरू होने के लिए इन परीक्षा केंद्रों पर सब कुछ ठीक है। परीक्षा केंद्रों पर छात्रों को पीने के पानी की सुविधा, बैठने की उचित सुविधा, बिजली और शौचालय की सुविधा भी प्रदान की गई है।

# तमिलनाडु में 'अवैध शराब' की बिक्री के खिलाफ सामाजिक संगठनों ने खोला मोर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई।** तमिलनाडु में अवैध शराब की बिक्री के खिलाफ सामाजिक संगठनों ने मोर्चा खोल दिया है। प्रदेश में बड़े पैमाने पर अवैध शराब की बिक्री हो रही है। सामाजिक एवं आर्थिक अध्ययन संस्थान के निदेशक पी.आर.प्रकाश ने कहा कि आंध्र प्रदेश से बड़ी मात्रा में अवैध शराब के विक्रेता यहां पहुंच रहे हैं, लेकिन राज्य पुलिस आंखें मूंदी हुई है। उन्होंने कहा कि तमिलनाडु का तिरुपथुर जिले में वानीयंबादी क्षेत्र अवैध शराब की बिक्री के बड़े केंद्र के रूप में तब्दील हो चुका है, जो कि शराब के तस्करों को अपनी ओर आकर्षित कर रहा है। उन्होंने कहा, मिनी बस के जरिए आंध्र प्रदेश से होते हुए तमिलनाडु में अवैध शराब को पहुंचाया जाता है।

उन्होंने कहा कि प्रति पाउच 50 रुपए में शराब बेची जा रही है। अवैध विक्रेता एक पाउच लेने पर चार पाउज और मुफ्त में देने की पेशकश कर रहे हैं। प्रत्येक पाउच में 200 मिलिलीटर शराब है, जिसकी कीमत आंध्र प्रदेश में 50 रुपए है, लेकिन जब यह तमिलनाडु पहुंचती है, तो इसकी कीमत दोगुनी हो जाती है।

वायनमबाड़ी पुलिस के अनुसार वह आंध्र प्रदेश पुलिसकर्मियों के संपर्क में है और तमिलनाडु में शराब की अवैध तस्करी को जल्द ही समाप्त करेगी। सेंटर फॉर पॉलिसी एंड डेवलपमेंट स्टडीज के निदेशक सी. राजीव ने कहा कि उनके पास यह जानकारी थी कि अवैध शराब को आंध्र प्रदेश से लाकर तमिलनाडु में बेचा जा रहा है, जिस पर अंकुश लगाने के लिए त्वरित कार्रवाई की जानी चाहिए। 59 वर्षीय कमलेश्वरी नौकरी के लिए रोजाना आंध्र प्रदेश जाती है। उन्होंने बताया, तमिलनाडु में शराब की तस्करी प्रतिदिन की जाती है। उन्होंने कहा कि महिलाओं को बेशुमार दुश्वारियों का सामना करना पड़ रहा है, क्योंकि बड़ी संख्या में लोग शराब खरीदने के लिए सीमावर्ती इलाकों की ओर जाते हैं।

वानियमबाडी से दिहाड़ी मजदूर 42 वर्षीय मणिकांतन ने बताया कि यह शहर अब अवैध शराब की बिक्री के लिए काफी चर्चित होता जा रहा है। उन्होंने कहा, तस्करी पर अंकुश लगाने के मकसद से सरकार को जल्द से जल्द हस्तक्षेप करना चाहिए।



# मुंबई रणजी ट्राफी फाइनल में, तमिलनाडु को पारी और 70 रन से हराया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**चेन्नई/मुंबई।** शार्दुल ठाकुर के हरफनमौला प्रदर्शन की बदौलत कई बार की चैम्पियन मुंबई ने सोमवार को यहां तमिलनाडु को सेमीफाइनल में तीन दिन के अंदर पारी और 70 रन से शिकस्त देकर रणजी ट्राफी फाइनल में प्रवेश किया। दूसरे दिन 109 रन की शतकीय पारी खेलकर मुंबई को पहली पारी के आधार पर 232 रन की विशाल बढ़त दिलाने के बाद ठाकुर की अगुआई वाले मुंबई के गेंदबाजी आक्रमण ने तमिलनाडु को दूसरी पारी में महज 162 रन पर समेट दिया।

मेहमान टीम के लिए केवल बाबा इंद्रजीत (70 रन) ही टिककर खेल सके और बाकी के बल्लेबाजों के खराब प्रदर्शन से तमिलनाडु की टीम अपने पहले रणजी नॉकआउट मैच में कोई चुनौती पेश नहीं कर सकी। एक बार फिर तमिलनाडु के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज कोई भी योगदान नहीं कर सके जिससे मध्यक्रम ने भी दबाव में घुटने टेक दिये। हालांकि इंद्रजीत और प्रदोष रंजन पॉल ने चौथे विकेट के लिए 73 रन बनाकर चुनौती पेश करने की कोशिश की लेकिन सिर्फ एक भागीदारी से काम नहीं चलने वाला था।

मुंबई की जीत में गेंदबाजी आल राउंडर ठाकुर (109 रन, 48 रन देकर दो विकेट और 16 रन देकर दो विकेट) की भूमिका अहम रही जिन्होंने दूसरे दिन सभी प्रारूपों में अपना पहला शतक जड़कर टीम को पहली पारी में सात विकेट पर 106 रन से उबारकर 232 रन की बढ़त दिलायी थी। फिर तीसरे दिन ठाकुर ने शुरू में ही तमिलनाडु के दो विकेट झटक लिये जिससे मुंबई ने मेहमान टीम के दूसरी पारी में 10 रन तक तीन विकेट हासिल कर लिये थे। बी साई सुदर्शन को हालांकि श्रेयस अय्यर ने पहले ओवर में मिडविकेट पर कैच छोड़कर जीवनदान दिया लेकिन ठाकुर ने शानदार इनस्विंगर पर बायें हाथ के इस बल्लेबाज को विकेटकीपर के हाथों कैच आउट करा दिया। ठाकुर ने नयी गेंद से खतरनाक स्विंग हासिल की और एन जगदीशन को खाता भी नहीं खोलने दिया।मोहित अवस्थी ने भी तीसरे नंबर पर बल्लेबाजी करने उतरे वाशिंगटन सुंदर को आउट कर सफलता का स्वाद चखा। शीर्ष क्रम के चरमराने के बाद तमिलनाडु के लिए इंद्रजीत और प्रदोष रंजन ने जिम्मेदाराना साझेदारी की और मुंबई के गेंदबाजों को कोई और झटका नहीं देने दिया। इंद्रजीत ने 105 गेंद खेलकर नौ चौके की मदद से 70 रन बना लिये थे लेकिन अवस्थी की गेंद पर बल्ला छुआकर विकेटकीपर को कैच दे बैठे।

मुंबई के स्पिनर तनुष कोटियान (18 रन देकर दो विकेट) और शम्स मुलानी (53 रन देकर चार विकेट) ने फिर साथी तेज गेंदबाजों के साथ मिलकर तमिलनाडु के बल्लेबाजों पर दबाव बनाया तथा बाकी बचे छह विकेट झटककर मेजबान टीम को जीत दिलायी। इससे पहले मुंबई की टीम पहली पारी में 378 रन पर सिमट गयी। सुंदर ने तुषार (26 रन) को आउट कर कोटियान (नाबाद 89 रन) के साथ उनकी 10वें विकेट की साझेदारी समाप्त की।

# वित्त वर्ष 2025 में भारतीय अर्थव्यवस्था 7.8 प्रतिशत की दर से बढ़ेगी

**चेन्नई।** बैंक ऑफ बड़ौदा के एक अर्थशास्त्री ने एक रिपोर्ट में कहा है कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025 में 7.8 फीसदी की दर से बढ़ेगी।

राष्ट्रीय सांख्यिकी कार्यालय (एनएसओ) द्वारा वित्त वर्ष 2024 के लिए 7.6 प्रतिशत जीडीपी वृद्धि अनुमान का हवाला देते हुए, अर्थशास्त्री जाहन्वी प्रभाकर ने कहा कि स्ट्रॉन्ग मैक्रोइकोनोमिक फंडामेंटल्स को देखते हुए, वित्त वर्ष 2025 में खपत और निवेश के बने रहने की संभावना है, भले ही विकास दर बहुत ऊंची न रहे।

वैश्विक आर्थिक परिदृश्य में धीरे-धीरे सुधार के साथ, निर्यात में मजबूत वृद्धि दर्ज होने की उम्मीद है। बैंक ऑफ बड़ौदा का कहना है कि विभिन्न क्षेत्रों में व्यापक सुधार के कारण वित्त वर्ष 2024 में ग्रोस वैल्यू एडेड (जीवीए) वृद्धि 6.7 प्रतिशत से बढ़कर 7.2 प्रतिशत होने की उम्मीद है।

प्रभाकर ने कहा, सामान्य मानसून के कारण कृषि क्षेत्र का अच्छा प्रदर्शन रहेगा। हम उम्मीद करते हैं कि भारतीय अर्थव्यवस्था वित्त वर्ष 2025 में 7.8 प्रतिशत की वृद्धि दर हासिल करेगी।

# माधवरम बाईपास से आरटीओ रेडहिल्स टोल गेट तक फ्लाईओवर निर्माण के लिए ज्ञापन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चेन्नई।** भाजपा के जिला सचिव, गवर्नमेंट विंग एस. अशोक मोदी ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण के परियोजना निदेशक को पत्र लिखकर माधवरम बाईपास से आरटीओ रेडहिल्स टोल गेट तक फ्लाईओवर के लिए अनुरोध किया है। उन्होंने लिखा कि इस क्षेत्र में रहने वाली आम जनता की ओर से अनुरोध करते हैं कि माधवरम बाईपास से आरटीओ रेडहिल्स टोल गेट तक एक फ्लाईओवर के निर्माण पर विचार किया जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग जीएनटी रोड पर विशेष रूप से भारी यातायात प्रवाह है और यह माधवरम से रेडहिल्स तक उच्च दुर्घटना संभावित क्षेत्र भी है।

उन्होंने लिखा कि हाल के समय में सुबह से शाम तक कंटेनरों और भारी वाहनों की आवाजाही बहुत अधिक हो गई है। इस सड़क से गुजरना खतरनाक है, खासकर दोपहिया वाहनों के लिए ज्यादा जोखिम होता है। एस अशोक मोदी ने लिखा कि फ्लाईओवर बनाने से इस मार्ग पर भीड़भाड़ और यातायात प्रवाह कम हो जाएगा और अधिकांश वाहनों के लिए यात्रा आसान हो जाएगी। यातायात प्रवाह को कम करने के लिए अध्ययन किया जाना चाहिए।उन्होंने कहा कि माधवरम राउंड से हाल ही में निर्मित फ्लाईओवर ने यातायात प्रवाह को कम करने में मदद नहीं की है, क्योंकि भारी वाहनों की आवाजाही तेज गति से बढ़ रही है। इस विशेष मार्ग पर भीड़ को कम करने के लिए फ्लाईओवर का निर्माण करने का समय आ गया है। इससे यहां जोखिम मुक्त सवारी करने में बहुत मदद मिलेगी।

## तेजाब कांड के अपराधी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई होगी : गुंडूराव

**बेंगलूरु।** कर्नाटक के स्वास्थ्य मंत्री दिनेश गुंडू राव ने सोमवार को एक सरकारी कॉलेज में तीन छात्राओं पर हुए तेजाब हमले की निंदा की और अधिकारियों को यह सुनिश्चित करने का निर्देश दिया कि पीड़ितों को सभी आवश्यक इलाज के साथ-साथ सरकार से मुआवजा भी मिले। उन्होंने यह भी आश्वासन दिया कि अपराधी के खिलाफ कड़ी कानूनी कार्रवाई की जाएगी। राव ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''दक्षिण कन्नड़ जिले के कड़ाबा कस्बे में स्थित एक सरकारी कॉलेज के परिसर में तीन छात्राओं पर हुए तेजाब हमले के जघन्य अपराध की कड़ी निंदा करता हूं।''

# चेन्नई सुपर किंग्स के बल्लेबाज कॉनवे का आईपीएल से बाहर होना तय



**चेन्नई/वेलिंगटन।** न्यूजीलैंड के सलामी बल्लेबाज डेवोन कॉनवे अंगूठे की चोट के कारण कम से कम आठ सप्ताह तक प्रतिस्पर्धी क्रिकेट में नहीं खेल पाएंगे जिससे उनका इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) से बाहर होना तय है।

ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ पिछले महीने टी20 श्रृंखला के दौरान 32 वर्षीय कॉनवे के दाएं हाथ के अंगूठे में चोट लग गई थी जिसका उन्हें ऑपरेशन करवाना होगा। इस कारण वह ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ रविवार को समाप्त हुए पहले टेस्ट मैच में भी नहीं खेल पाए थे।

न्यूजीलैंड के मुख्य कोच गैरी स्टीड ने संवाददाताओं से कहा, कॉनवे के अंगूठे के जोड़ में हल्का फ्रैक्चर है और वह इस इस सप्ताह ऑपरेशन करवाएंगे। उनके आठ सप्ताह में फिट होने की उम्मीद है। चेन्नई सुपर किंग्स ने कॉनवे को 2022 की नीलामी में उनके आधार मूल्य एक करोड रुपए में खरीदा था। बाएं हाथ के इस बल्लेबाज ने आईपीएल में 23 मैच में 46.12 की औसत और 141.28 की स्ट्राइक रेट से 924 रन बनाए हैं। आईपीएल 22 मार्च से शुरू होगा जिसका पहला मैच मौजूदा चैंपियन चेन्नई सुपर किंग्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर के बीच चेन्नई में खेला जाएगा।



# बच्चों को बेहतर शिक्षा के साथ संस्कारवान बनाएं : दिलावर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शिक्षा और पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि शिक्षक बच्चों को शिक्षित बनाने के साथ संस्कारवान बनाएं। बीकानेर जिले के मेडिकल कॉलेज सभागार में सोमवार को संभाग स्तरीय अधिकारियों के साथ आयोजित बैठक में शिक्षा और पंचायती राज विभाग मंत्री मदन दिलावर ने यह बात कही। राजकीय कार्यालयों में साफ-सफाई, कार्मिकों की समय पर उपस्थिति के विषय में निर्देश देते हुए शिक्षा मंत्री ने कहा प्रत्येक विभाग के अधिकारी अपने कार्यों को पूरी निष्ठा और लगन से संपादित करें। माह में एक बार विद्यालयों का स्टाफ मिलकर स्कूल परिसर की सफाई करें। उन्होंने कहा कि सकारात्मक वातावरण में ही विद्यार्थी अपना सर्वांगीण विकास कर सकेंगे। शिक्षा अधिकारियों को स्कूलों के नियमित निरीक्षण करने के निर्देश देते हुए शिक्षा मंत्री मदन दिलावर ने कहा कि हमारी स्कूलों में मौजूद संसाधनों का कुशलतम उपयोग हो, यह सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि कस्तूरबा गांधी विद्यालयों में शिक्षक रोजाना अप-डाउन ना करें, यह स्वीकार नहीं किया जाएगा।अध्यापक स्वयं पढ़कर कक्षाओं में जाएं।

ग्रामीण विकास एवं पंचायती राज विभाग के कार्यों की प्रगति की समीक्षा करते हुए दिलावर ने कहा कि बीकानेर जिले के 193 मॉडल गांवों में स्वच्छता कार्यों का भौतिक सत्यापन किया जाए। सफाई एक नियमित प्रक्रिया है। इसे बनाए रखने के लिए संबंधित अधिकारी नियमित निरीक्षण करें और रिपोर्ट दें। विधायक निधि कोष के प्रस्तावों को समय पर वित्तीय स्वीकृति मिले, यह भी सुनिश्चित किया जाए। उन्होंने कहा कि प्रत्येक कार्य समय सीमा में पूरे हो, इस संबंध में विशेष मॉनिटरिंग की जाए।

पंचायती राज मंत्री ने कहा कि यदि कार्यों की गुणवत्ता में शिकायत पाई गई ,तो ग्राम सेवक से लेकर उच्च अधिकारी तक की जिम्मेदारी तय की जाएगी। किसी भी स्तर पर भ्रष्टाचार स्वीकार नहीं होगा। उन्होंने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य, ग्रामीण विकास के ढांचे को मजबूत बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा अतिरिक्त प्रयास किए जाएंगे। खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने ग्राम पंचायत की जमीन पर अतिक्रमण के संबंध में संबंधित अधिकारी के जिम्मेदारी तय करने, विद्यालयों में शिक्षक विद्यार्थी अनुपात कम करने की बात कही। बीकानेर (पश्चिम) विधायक जेठानंद व्यास ने सरकारी विद्यालयों को साफ-सुथरा रखने पर विशेष ध्यान देने के लिए कहा।

श्रीडूंगरगढ़ विधायक ताराचंद सारस्वत ने ग्रामीण क्षेत्र में घर-घर से कचरा संग्रहण और विद्यालयों के पुराने भवनों के जीणोद्धार पर बात रखी। नगर निगम मेयर श्रीमती सुशीला कंवर राजपुरोहित ने कहा कि उपलब्ध संसाधनों के आधार पर शहरी क्षेत्र में सफाई के बेहतर प्रयास किए जा रहे हैं।

# राजस्थान में अबकी बार हमारा हर सांसद पांच लाख वोट से जीतेगा : मुख्यमंत्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने रविवार को कहा कि भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) लगातार दो बार से राज्य की सभी लोकसभा सीटें जीतती आ रही है तथा पार्टी इस बार भी न सिर्फ सभी 25 सीटें फिर से जीतेगी बल्कि उसका हर सांसद पांच लाख वोट से जीतकर लोकसभा में जायेगा। शर्मा ने कहा कि लोकसभा चुनाव के लिये 60 प्रतिशत टिकट को अंतिम रूप दिया जा चुका है और बाकी टिकटों पर भी जल्दी फैसला कर लिया जाएगा।

मुख्यमंत्री ने 'विकसित भारत संकल्प पत्र' के लिए एलईडी रथों को रवाना करने के कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि पार्टी लोगों से सुझाव इकट्ठा करने के लिए एलईडी रथ भेज रही है जिसे पार्टी के चुनाव घोषणापत्र में शामिल किया जाएगा। उन्होंने कहा, इस प्रकार हमने विधानसभा चुनावों में आम जनता से सुझाव लेकर संकल्प पत्र तैयार किया था और उस



संकल्प पत्र को पूरा करने के लिए हम प्रयासरत हैं।

इस अवसर पर भाजपा प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी और पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे भी मौजूद रहीं। शर्मा ने कहा राजस्थान में लगातार दो बार से (भाजपा की) 25-25 सीटें आ रही हैं। अबकी बार भी 25 सीट आयेंगी और हमारा हर सांसद पांच लाख वोट से जीतकर लोकसभा में जायेगा और मोदी जी को मजबूत करेगा। उन्होंने कहा, आज हमारी पार्टी देश में ही नहीं बल्कि दुनिया में सबसे बड़ी पार्टी बनी है तो ये हमारे कार्यकर्ताओं की मेहनत है।

मुख्यमंत्री ने कहा, प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी कार्यकर्ताओं की बात सुनकर गांव, बूथ स्तर, मंडल तक काम कर रहे हैं और लोगों की जरूरतों को पूरा कर रहे हैं। इस अवसर पर भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सीपी जोशी ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि लोकसभा चुनाव 2024 के लिए आमजन के सुझाव से विकसित भारत संकल्प पत्र तैयार हो रहा है।

इसके बाद मुख्यमंत्री ने भाजपा की कोर कमेटी की बैठक में भाग लिया। कोर कमेटी की बैठक में लोकसभा चुनाव को लेकर मंथन किया गया। बैठक में प्रदेशाध्यक्ष सी पी जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी, पूर्व प्रदेशाध्यक्ष सतीश पूनियां तथा राजेन्द्र राठौड़ सहित अन्य पदाधिकारी मौजदू रहे।



# श्रीअन्न और इनसे बने उत्पादों को खानपान की मुख्यधारा में लाने की जरूरत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान विधानसभा के अध्यक्ष वासुदेव देवनानी ने कहा कि श्रीअन्न (मिलेट्स) और इनसे बने उत्पादों को एक बार फिर खानपान की मुख्यधारा में लाने की जरूरत है। श्रीअन्न स्वास्थ्य के लिए बेहद लाभदायक होते हैं। विधानसभा अध्यक्ष देवनानी ने सोमवार को बीकानेर में स्वामी केशवानंद राजस्थान कृषि विश्वविद्यालय में भारतीय कृषि अनुसंधान परिषद द्वारा प्रायोजित शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में बोलते हुए यह बात कही।

विश्वविद्यालय के मानव संसाधन विकास निदेशालय में चल रहे प्रशिक्षण कार्यक्रम में विधानसभा अध्यक्ष ने कहा कि 'मोटा खाओ, मोटा पहनो' की कहावत को फिर से साकार करने की जरूरत है। उन्होंने चिंता जताते हुए कि उत्पादन बढ़ाने की होड़ में आज गेहूं आदि के उत्पादन में अत्यधिक रासायनिक उर्वरक और खाद का अंधाधुंध उपयोग किया जा रहा है। इससे कैंसर जैसी बीमारियों का खतरा बढ़ गया है। हसके मद्देनजर हमें श्रीअन्न की ओर अग्रसर होने की जरूरत है। विधानसभा अध्यक्ष ने कृषि वैज्ञानिकों का आह्वान करते हुए कहा कि वे प्रयोगशालाओं तक सीमित ना रहें। इनके अनुसंधान गांव के अंतिम छोर पर बैठे किसान और मजदूर की आवश्यकताओं को पूरा करेंगे, तभी इनकी सार्थकता होगी।

खाजूवाला विधायक डॉ. विश्वनाथ मेघवाल ने कहा कि श्रीअन्न के सेवन से ब्लड प्रेशर और शूगर दोनों नियंत्रित रहते हैं। राज्य सरकार मोटे अनाज को विश्व के सभी देशों में निर्यात करने और इनका उत्पादन बढ़ाने के लिए कटिबद्ध है। इससे किसानों को भी आर्थिक संबल मिलेगा। प्रशिक्षण कार्यक्रम संयोजक और सामुदायिक विज्ञान महाविद्यालय की अधिष्ठाता डॉ. विमला डुकवाल ने बताया कि 'खाद्य सुरक्षा चुनौतियों का सामना करने के लिए बाजरा आधारित पारिस्थितिकी तंत्र को मजबूत करना' विषय पर चल शीतकालीन प्रशिक्षण कार्यक्रम में 11 राज्यों के 25 वैज्ञानिक हिस्सा ले रहे हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के स्टूडेंट्स विभिन्न स्टार्टअप के जरिए श्रीअन्न को बढ़ावा देने में जुटे हैं।

अनुसंधान निदेशक डॉ. पी.एस. शेखावत ने श्रीअन्न के राज्य और देश में उत्पादन, वैरायटी व इनके गुणों के बारे में जानकारी दी। डॉ. प्रसन्नलता आर्य ने आभार जताया। वीडियो फिल्म के माध्यम से विश्वविद्यालय की उपलब्धियों की जानकारी दी गई। मंच संचालन डॉ. मंजू राठौड़ ने किया।



# औद्योगिक कारीगरों के लिए वैश्विक मानदंडों को स्थापित करना राज्य सरकार की प्राथमिकता

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। शासन सचिव श्रम, कारखाना एवं बॉयलर्स डॉ. पृथ्वी की अध्यक्षता में सोमवार को राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस राज्य स्तरीय समारोह का आयोजन आर.आई.सी में किया गया। भवन एवं अन्य संनिर्माण श्रमिक कल्याण मंडल, राजस्थान एवं राष्ट्रीय सुरक्षा परिषद राजस्थान स्टेट चैप्टर की ओर से आयोजित 53वें राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस राज्य स्तरीय समारोह में इस वर्ष की थीम-'ई एस जी उत्कृष्टता के लिए सुरक्षा नेतृत्व पर ध्यान दें' है। इस अवसर पर डॉ. पृथ्वी ने कहा कि कारखाने को सुरक्षित कार्यस्थल बनाने के लिए वहां के खतरे व उनकी रोकथाम के लिए मानक संचालन प्रक्रिया, निर्देशों का निर्धारण, उनका प्रशिक्षण व उनका पालन किया जाना सभी के लिए आवश्यक है। मानव जीवन बहुत कीमती होता है। हमारी कोशिश होनी चाहिए कि राजस्थान के कारखानों में वैश्विक मानदंडों को स्थापित कर सकें और वैज्ञानिक प्रबंधन के द्वारा श्रमिकों के हितों की रक्षा हो सके। उल्लेखनीय है कि राष्ट्रीय सुरक्षा दिवस का मुख्य उद्देश्य उद्योगों, कार्यस्थलों और समुदायों सहित सभी क्षेत्रों में सुरक्षित प्रथाओं को अपनाने को बढ़ावा देना है।

उन्होंने कहा कि हमारा प्रयास रहेगा कि राजस्थान में औद्योगिक कारीगरों के लिए वैश्विक मानदंडों को स्थापित करें जिससे शत-प्रतिशत सुरक्षा उपलब्ध हो सकें। कार्यक्रम में विशिष्ट शासन सचिव एवं श्रम आयुक्त कर्ण सिंह ने कारखानों की महत्ता बताते हुए कहा कि कारखाने हमारी अर्थव्यवस्था की रीढ़ हैं, जो रोजगार प्रदान करते हैं और समाज की तरक्की में महत्वपूर्ण योगदान देते हैं। हमें अपने कारीगरों को सुरक्षित वातावरण प्रदान करना चाहिए। कारखानों द्वारा टिकाऊ, पर्यावरण अनुकूल, पारिस्थितिकी संतुलन और कार्बन फुट प्रिन्ट को कम करने का प्रयास होना चाहिए। श्रमिकों के स्वास्थ्य और सुरक्षा के लिए हमें सुरक्षात्मक मानकों का सख्ती से पालन करना चाहिए।

कार्यक्रम में मुख्य निरीक्षक कारखाना एवं बॉयलर्स डी. एल. डामोर ने कहा कि राज्य के विकास में कल-कारखानों की बहुत महत्वपूर्ण भूमिका होती है। विभाग और परिषद हर समय श्रमिकों की सुरक्षा के लिए उत्सुक रहते हैं। कार्यक्रम में 33 जिलों से 58 कारखानों को सुरक्षा मापदण्डों पर खरा उतरने एवं श्रमिक सुरक्षा में अभिनव कार्य करने के लिए कारखाना सुरक्षा पुरस्कार योजना-2024 के तहत पुरस्कृत किया गया। इस अवसर पर सुरक्षा मानकों सम्बंधी प्रदर्शनी लगाई गई।

# भाजपा नेता सोशल मीडिया पर 'मोदी का परिवार' अभियान में शामिल हुए

जयपुर/दक्षिण भारत। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के सोशल मीडिया पर 'मोदी का परिवार' अभियान में राजस्थान के पार्टी नेता भी शामिल हुए। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा एवं प्रदेश भाजपा अध्यक्ष सी पी जोशी समेत अनेक नेताओं ने 'एक्स' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' शब्द जोड़ लिया। उल्लेखनीय है कि पूर्व केंद्रीय मंत्री लालू प्रसाद की ओर से प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर 'अपना परिवार' ना होने को लेकर कटाक्ष किए जाने के अगले दिन सोशल मीडिया पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू किया है। इसके बाद कई केंद्रीय मंत्रियों और भाजपा नेताओं ने अपने 'एक्स' प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' जोड़ दिया। राजस्थान में मुख्यमंत्री शर्मा, भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष जोशी, पूर्व मुख्यमंत्री वसुंधरा राजे, केंद्रीय मंत्री अर्जुनराम मेघवाल, गजेंद्र सिंह शेखावत, भूपेंद्र यादव व कैलाश चौधरी, उपमुख्यमंत्री दीया कुमारी सहित पार्टी के सांसदों, विधायकों व अन्य नेताओं ने 'एक्स' पर अपनी प्रोफाइल पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा।

# अपने पुराने वादों का हिसाब दे मोदी सरकार : गहलोत

जयपुर/दक्षिण भारत। राजस्थान के पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने केंद्र की मोदी सरकार पर निशाना साधते हुए सोमवार को कहा कि वह अपने पुराने वादों का हिसाब दे। गहलोत के अनुसार जनता उसके 'जुमलों को भूली नहीं है।' गहलोत ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर लिखा, 'मोदी सरकार ने कल बैठक कर चुनाव होने से पूर्व ही अगली सरकार के 100 दिन की कार्ययोजना एवं अगले 25 साल पर चर्चा कर जनता को भ्रमित करने का प्रयास तो किया है, परन्तु पिछले दोनों चुनावों के घोषणा पत्रों की घोषणाओं की क्रियान्विति रिपोर्ट आज तक नहीं दी है।' मोदी सरकार पहले अपने 2014 एवं 2019 के वादों का हिसाब दे क्योंकि 2014 में 100 दिन में विदेश से काला धन वापस लाने एवं 2 करोड़ रोजगार प्रतिवर्ष जैसे जुमलों को जनता अभी भूली नहीं है।'

वहीं गहलोत ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी के एक बयान को शेयर करते हुए इसी मंच पर लिखा, 'हमारे देश के युवाओं को भावनात्मक मुद्दों से भ्रमित होने की बजाय राहुल गांधी की इन बातों, तथ्यों व चिंताओं को जान कर एवं सोच-समझकर ही अपने बेहतर भविष्य के लिए वोट करना चाहिए।'



# 'भविष्य के वाहनों की ईंधन संभावनाओं की होगी पूर्ति'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान स्टेट गैस ने राज्य में एलएनजी प्लांट लगाने की संभावनाएं तलाशना आरंभ कर दी है। यह जानकारी सोमवार को सचिवालय में खान सचिव श्रीमती आनन्दी की अध्यक्षता में राजस्थान स्टेट गैस के संचालक मण्डल की बैठक में दी गई। एलएनजी प्लांट लगने से राज्य में एलएनजी वाहनों की भविष्य की ईंधन मांग को राज्य से ही पूरा किया जा सकेगा।

लंबी दूरी के माल वाहनों और माइंनिंग सेक्टर के वाहनों की ईंधन की जरुरत इस एलएनजी ईंधन से भी हो सकेगी।

आरएसजीएल की चेयरपर्सन श्रीमती आनन्दी ने कहा कि राजस्थान गैस को अपने कार्यों में विविधिकरण लाने की कार्ययोजना बनानी होगी। सीएनजी और डीपीएनजी वितरण नेटवर्क के साथ ही बायोगैस का उत्पादन कर वितरण और एलएनजी जैसे नए क्षेत्र में प्रवेश करना होगा। उन्होंने आरएसजीएल के कार्यों की सराहना करते हुए कोटा में घरेलू पाइप लाईन से गैस वितरण व्यवस्था से नए परिवारों को जोड़ने के लिए अभियान चलाया जाये। उन्होंने औद्योगिक व व्यावसायिक क्षेत्र की नई इकाइयों को सीएनजी-पीएनजी का लाभ और कम लागत की जानकारी देते हुए नए कनेक्शनों के लिए प्रोत्साहित किया जाए।

आरएसजीएल के प्रबंध संचालक रणवीर सिंह ने बताया कि राज्य में दो नए सीएनजी स्टेशन लगाने की योजना है वहीं फरवरी माह तक प्रदेश में आरएसजीएल द्वारा ओसतन 47390 स्टेण्डर्ड क्यूबिक मीटर गैस प्रतिदिन उपलब्ध कराई गई है जो एक नया रेकार्ड है। आरएसजीएल द्वारा गत वितीय वर्ष में ओसतन 45440 एससीएमडी गैस प्रतिदिन उपलब्ध कराई गई थी।

संचालक मण्डल की बैठक में गैल गैस के प्रतिनिधि हृदेश कुमार ने भी सुझाव दिए। बैठक में डीजीएम मार्केटिंग विवेक रंजन, डीएम आईटी गगनदीप राजोरिया, सीएस रवि शंकर अग्रवाल ने हिस्सा लिया।

## मुख्यमंत्री ने राज्यपाल से मुलाकात की

जयपुर। राजस्थान के मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने सोमवार को यहां राज्यपाल कलराज मिश्र से मुलाकात की। राजभवन के प्रवक्ता के अनुसार शर्मा ने राजभवन पहुंच कर मिश्र से मुलाकात की। प्रवक्ता ने इसे शिष्टाचार भेंट बताया है। मुख्यमंत्री शर्मा ने भी बाद में मुलाकात की तस्वीर साझा करते हुए 'एक्स' पर लिखा, आज राजभवन में राज्यपाल महोदय कलराज मिश्र से शिष्टाचार भेंट की।

# जल आधारित गतिविधियों के लिए आवंटित प्रोत्साहन राशि का शत्-प्रतिशत उपयोग किया जाना हो सुनिश्चित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। जन स्वा. अभि. एवं भूजल विभाग के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने लक्ष्य के विरूद्ध कम प्रगति अर्जित करने वाले विभागों को निर्देशित किया कि वार्षिक कार्ययोजना वित्तीय वर्ष 2023-24 में प्रस्तावित कन्वर्जेन्स से जल मांग एवं जल आधारित गतिविधियों से संबंधित कार्य व आवंटित प्रोत्साहन राशि का शत-प्रतिशत उपयोग माह मार्च, 2024 तक किया जाना सुनिश्चित करें। डॉ. शर्मा सोमवार को शासन सचिवालय में अटल भूजल योजनान्तर्गत सहभागी विभागों के राज्य नोडल अधिकारियों के साथ प्रगति समीक्षा बैठक की अध्यक्षता कर रहे थे।

डॉ. समित शर्मा द्वारा अधिकारियों को वित्तीय वर्ष 2024-25 की जल सुरक्षा योजनाएं एमआईएस पोर्टल पर 31 मार्च तक अपडेट किये जाने हेतु भी निर्देशित किया गया।

अटल भूजल योजना के मुख्य अभियंता एवं परियोजना निदेशक सूरजभान सिंह द्वारा उपस्थित सभी अधिकारियों का स्वागत किया गया एवं सचिव, भूजल विभाग की अनुमति से सहभागी विभागों से एजेण्ड़ा बिन्दुवार प्रगति विवरण का प्रस्तुतिकरण किया गया। बैठक में लक्ष्मण सिंह कुड़ी, आयुक्त, उद्यानिकी विभाग तथा सहयोगी विभागों के सभी राज्य नोडल अधिकारियों ने भाग लिया।

# अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर यात्री लगभग एक किलो सोने के साथ पकड़ा गया

जयपुर/दक्षिण भारत। जयपुर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर एक यात्री को लगभग एक किलो सोने के साथ गिरफ्तार किया गया है। जब्त सोने की बाजार में अनुमानित कीमत 61 लाख रुपये है। एक अधिकारी ने इसकी जानकारी दी । सीमा शुल्क विभाग के एक अधिकारी ने सोमवार को बताया कि यात्री ओमान के मस्कट से आया था। उन्होंने बताया कि यह यात्री रविवार रात जयपुर हवाई अड्डे पर पहुंचा जहां सीमा शुल्क विभाग के अधिकारियों ने संदेह के आधार पर उसे पकड़ लिया। अधिकारी ने बताया कि यात्री से पूछताछ की गई और तलाशी के दौरान पता चला कि वह मोजे के अंदर पेस्ट के रूप में सोना छुपा रहा था।



# राज्य में कौशल आधारित शिक्षा कार्यान्वयन के लिए उच्च शिक्षा विभाग और क्रिस्प के बीचएमओयू

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान में उच्च शिक्षा के क्षेत्र में विश्वस्तरीय कौशल आधारित शिक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से सोमवार को सचिवालय में उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग और सेंटर फॉर रिसर्च इन स्कीम्स एंड पॉलिसीस (क्रिस्प) के बीच एक समझौता पत्र(एमओयू) पर हस्ताक्षर किये गए। इस एमओयू में विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों, उद्योगों आदि की आवश्यकताओं को ध्यान में रखते हुए विश्वस्तरीय रोजगारोन्मुखी कौशल शिक्षा को जोड़ा गया है।

राज्य सरकार की ओर से उच्च शिक्षा एवं तकनीकी विभाग के प्रमुख शासन सचिव सुबीर कुमार और क्रिस्प की तरफ से आर. सुब्रमण्यम ने उक्त एमओयू पर हस्ताक्षर किये। इस अवसर पर सुबीर कुमार ने कहा कि इस कदम से प्रदेश में छात्रों के जीवन में एक सकारात्मक परिवर्तन आएगा और वे वैश्विक और औद्योगिक मांग के अनुरूप कौशल में परिपूर्ण हो पायेंगे।

इससे पूर्व क्रिस्प की ओर से आर. सुब्रमण्यम ने कहा कि क्रिस्प और राज्य सरकार मिलकर राजस्थान के विद्यार्थियों को डिग्री के साथ ही स्थानीय शैक्षणिक संस्थाओं में व्यावसायिक शिक्षा में कुशल करेगी। इससे युवाओं को देश-विदेश में रोजगार के अनेक अवसर प्राप्त हो सकेगे।

इस एमओयू के जरिये टूरिज्म, बैंकिंग एंड फाइनेंस, हेल्थकेयर एंड हॉस्पिटैलिटी, रिटेल, मीडिया एंड एंटरटेनमेंट, लाइफ साइंस, लोजिस्टिक आदि क्षेत्रों के कोर्स और प्रशिक्षण को राज्य के महाविद्यालयों में डिग्री पाठ्यक्रमों के साथ समेकित किया जायेगा। यह सभी पाठ्यक्रम राज्य सरकार द्वारा चिन्हित विभिन्न महाविद्यालयों में शैक्षणिक वर्ष 2024-25 से प्रारंभ किया जाना प्रस्तावित हैं।





## लालू के कटाक्ष के बाद भाजपा नेताओं ने सोशल मीडिया पर आरंभ किया 'मोदी का परिवार' अभियान

**नई दिल्ली/भाषा।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की ओर से पूरे देश को अपना परिवार बताए जाने के कुछ देर बाद सोमवार को केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह और अध्यक्ष जे पी नड्डा सहित भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के वरिष्ठ नेताओं ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' के 'प्रोफाइल' पर अपने नाम के आगे 'मोदी का परिवार' लिखा और इस संबंध में एक अभियान शुरू कर दिया।

एक दिन पहले राष्ट्रीय जनता दल (राजद) अध्यक्ष लालू प्रसाद ने पटना में विपक्षी गठबंधन 'इंडिया' के वरिष्ठ नेताओं की मौजूदगी में प्रधानमंत्री मोदी पर 'अपना परिवार' नहीं होने को लेकर कटाक्ष किया था। इसके बाद भाजपा नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी के समर्थन में यह अभियान चलाया। लालू ने एक रैली में कहा था, अगर नरेन्द्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं। वह राम मंदिर के बारे में डींगें मारते रहते हैं। वह सच्चे हिंदू भी नहीं हैं। हिंदू परंपरा में बेटे को अपने माता-पिता के निधन पर अपना सिर और दाढ़ी मुंडवानी चाहिए। जब मोदी की मां की मृत्यु हुई तो उन्होंने ऐसा नहीं किया। प्रधानमंत्री मोदी ने लालू के इस आरोप पर सोमवार को पलटवार किया और कहा कि भ्रष्टाचार, परिवारवाद और तुष्टीकरण में आकंठ डूबे 'इंडी गठबंधन' के नेता बौखलाते जा रहे हैं। उन्होंने तेलंगाना में एक रैली को संबोधित करते हुए, अब इन्होंने 2024 के चुनाव का अपना असली घोषणा पत्र निकाला है। मैं इनके परिवारवाद पर सवाल उठाता हूं तो इन लोगों ने अब बोलना शुरू कर दिया है कि मोदी का कोई परिवार नही है। कल ये ऐसा भी कह सकते हैं कि तुम्हें कभी जेल की सजा नहीं हुई इसलिए तुम राजनीति में भी नहीं आ सकते।

## पश्चिम बंगाल : वरिष्ठ तृणमूल नेता रॉय ने विधायक पद से इस्तीफा दिया



**कोलकाता/भाषा।** तृणमूल कांग्रेस के वरिष्ठ नेता तापस रॉय ने पार्टी की कार्यप्रणाली पर निराशा व्यक्त करते हुए सोमवार को विधायक पद से इस्तीफा दे दिया। रॉय ने ऐसे समय में इस्तीफा दिया है, जब देश में लोकसभा चुनाव होने वाले हैं। उन्होंने कहा, मैंने विधायक पद से अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष को सौंप दिया है। संवाददाताओं से बातचीत के दौरान रॉय ने प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा उनके आवास पर जनवरी में छापा मारे जाने के समय उनके साथ खड़े नहीं होने के लिए पार्टी नेतृत्व की आलोचना की। पश्चिम बंगाल विधानसभा में तृणमूल कांग्रेस के उप मुख्य सचेतक और बड़ानगर सीट से विधायक रॉय ने सोमवार अपराह्न अपना इस्तीफा विधानसभा अध्यक्ष बिमान बनर्जी को सौंप दिया।

## शेयर मार्केट में निवेश के नाम पर ठगी करने वाले चीनी नागरिक सहित तीन गिरफ्तार

**नोएडा/भाषा।** शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के नाम पर भारतीयों से अरबों रुपए की ठगी करने वाले एक चीनी नागरिक सहित तीन लोगों को बिसरख थाने की पुलिस ने सोमवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने इसकी जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि उनके पास से भारत के विभिन्न मोबाइल फोन कंपनियों के 531 एक्टिव सिम, फर्जी पासपोर्ट, विभिन्न देशों की करेंसी, फर्जी दस्तावेज आदि मिला है। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार चीनी नागरिक भारत में नेपाल के रास्ते अवैध रूप से आया था और ये लोग शेयर मार्केट में ट्रेडिंग के अलावा टेलीग्राम एप के माध्यम से भी लोगों को अपने जाल में फंसा कर ठगी करते थे। ये लोग भारतीय कंपनियों और यहां रहने वाले लोगों का डाटा हासिल का उनके साथ ठगी करते थे।

पुलिस उपायुक्त (जोन द्वितीय) सुनीति ने बताया कि एक सूचना के आधार पर सोमवार को थाना बिसरख की पुलिस ने सेक्टर 168 की एक सोसाइटी में रहने वाले चीनी नागरिक सू यूमिंग, नेपाली नागरिक अनिल थापा तथा गौतम बुद्ध नगर के कचैड़ा के रहने वाले बिनोद भाटी को गिरफ्तार किया है। उन्होंने बताया कि उनके पास से विभिन्न भारतीय मोबाइल फोन की कंपनियों के 531 एक्टिव सिम, फर्जी पासपोर्ट, विभिन्न देशों की करेंसी, फर्जी दस्तावेज 10 क्रेडिट कार्ड, दो डेबिट कार्ड एवं मोहर आदि बरामद हुआ है। उन्होंने बताया कि पूछताछ के दौरान पुलिस को पता चला कि चीनी नागरिक समेत तीनों आरोपी एक्टिव मोबाइल सिम को कंबोडिया एवं अन्य देशों में भेज देते थे और ये लोग इन मोबाइल फोन के सिम का प्रयोग कर भारतीयों से संपर्क करते थे, तथा उन्हें शेयर मार्केट में पैसा इन्वेस्ट करने के लिए प्रेरित किया जाता था।

# सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी : योगी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सोमवार को विकास प्राधिकरणों को आम आदमी की सुविधा को प्राथमिकता देने के साथ ही इस बात पर जोर दिया कि प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी।

सोमवार को मुख्यमंत्री योगी ने अपने सरकारी आवास पर सहारनपुर, मिर्जापुर, बांदा, बस्ती, अमरोहा और फिरोजाबाद की महायोजना-2031 के प्रस्तुतीकरण का अवलोकन किया और नियोजित विकास के लिए संबंधित अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। योगी के हवाले से सरकारी बयान में कहा गया है कि विकास प्राधिकरणों का उद्देश्य सुनियोजित, संतुलित और तेज विकास को दिशा देना है। आम आदमी की सुविधा की हिदायत के साथ योगी ने जोर देते हुए कहा कि 'सभी विकास प्राधिकरणों को आय की नई संभावनाएं तलाशनी होंगी। मुख्यमंत्री ने कहा कि स्थानीय शिल्पकला और परम्परागत उत्पादों को प्रोत्साहित करने के लिए क्लस्टर विकसित किए जाएं। योगी ने कहा कि ''नगरों में यातायात प्रबंधन एक महत्वपूर्ण विषय है। हमें इसके लिए ठोस प्रयास करने की आवश्यकता है और टैक्सी-ऑटो स्टैंड और स्ट्रीट वेंडर जोन तय होने चाहिए। उन्होंने कहा कि महायोजना में इसके लिए स्पष्ट भूमि चिन्हित की जाए और मल्टीलेवल पार्किंग के लिए उपयुक्त स्थान निर्धारित करें। मुख्यमंत्री ने कहा कि सहारनपुर 'देवभूमि का प्रवेश द्वार' है, विगत छह-सात वर्षों में यहां न केवल व्यावसायिक गतिविधियों में तेजी आई है, बल्कि बेहतर होती कनेक्टिविटी और नगरीय सुविधाओं के कारण लोग यहां स्थायी निवास भी बना रहे हैं। उन्होंने कहा, सहारनपुर की महायोजना में औद्योगिक-व्यावसायिक और आवासीय गतिविधियों के विकास के लिए सुनियोजित प्राविधान रखे जाएं। सहारनपुर में वुड कार्विंग क्लस्टर के लिए स्थान चिन्हित करें। वर्तमान में जहां काष्ठ शिल्प का हब है, यह स्थान उससे बहुत दूर नहीं होना चाहिए।

मुख्यमंत्री ने कहा कि मिर्जापुर में मां विंध्यवासिनी के पावन धाम के सौंदर्यीकरण का कार्य तेजी से चल रहा है और यहां नवस्थापित मेडिकल कॉलेज एवं राज्य विश्वविद्यालय को भी महायोजना में शामिल करें।

## ज्ञानवापी: शिवलिंग की पूजा के अधिकार की मांग वाली याचिका निस्तारित

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रयागराज/भाषा।** इलाहाबाद उच्च न्यायालय ने वाराणसी की अदालत को निर्देश दिया है कि वह मई, 2022 में ज्ञानवापी मस्जिद परिसर के भीतर पाए कथित शिवलिंग की निर्बाध पूजा का अधिकार मांगने वाले आवेदन पर 8 सप्ताह के भीतर निर्णय करे।

कथित शिवलिंग की पूजा में हस्तक्षेप रोकने के लिए अंजुमन इंतेजामिया मस्जिद कमेटी के खिलाफ स्थायी रोक की मांग वाले वाद के लंबित रहने के दौरान उच्च न्यायालय में आवेदन (अस्थायी रोक के लिए आवेदन संख्या 6सी) दाखिल किया गया है। न्यायमूर्ति मनीष कुमार निगं ने विवेक सोनी एवं अन्य द्वारा दायर याचिका पर यह आदेश पारित किया। याचिकाकर्ताओं ने वाराणसी के सिविल जज (सीनियर डिवीजन) के समक्ष 2022 से लंबित अंतरिम आवेदन का तेजी से निस्तारण करने का अनुरोध करते हुए यह याचिका दायर की है। 2022 में दायर वाद में वादकारियों ने शिवलिंग को भोग प्रसाद, शयन आरती, मंगला आरती, दुग्ध अभिषेक, कीर्तन आदि में किसी तरह का हस्तक्षेप रोकने के लिए प्रतिवादियों (मस्जिद प्रबंधन और अन्य) के खिलाफ एक स्थायी रोक लगाने की मांग की थी। अदालत ने 27 फरवरी को इस याचिका को निस्तारित करते हुए अपने आदेश में कहा, वाराणसी की अदालत को आठ सप्ताह के भीतर अंतरिक रोक के आवेदन पर विचार कर उस पर निर्णय करने के निर्देश के साथ यह याचिका निस्तारित की जाती है।

## ओडिशा में चुनावों के लिए बीएसएफ की 35 कंपनियां तैनात की जाएंगी

**भुवनेश्वर/भाषा।** आगामी लोकसभा चुनाव और विधानसभा चुनावों के मद्देनजर ओडिशा में सीमा सुरक्षा बल (बीएसएफ) की कम से कम 35 कंपनियां तैनात की जाएंगी। बीएसएफ के एक वरिष्ठ अधिकारी ने सोमवार को यह जानकारी दी। सीमा सुरक्षा बल के उप महानिरीक्षक धीरेंद्र कुमार ने यहां संवाददाताओं को संबोधित करते हुए कहा कि चुनाव सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए 35 कंपनियां (प्रत्येक कंपनी में लगभग 100 कर्मी) माओवाद प्रभावित इलाकों सहित संवेदनशील क्षेत्रों में तैनात की जाएंगी।

कुमार ने कहा, हमने पूर्व में ओडिशा में 2014 और 2019 के चुनावों को सुचारू ढंग से संपन्न करवाया। स्वाभिमान अंचल पहले माओवादी प्रभावित क्षेत्र था वहां भी लगभग दो दशकों के बाद 2022 में पंचायत चुनाव हुए। हम सुनिश्चित करेंगे 2024 में भी चुनाव सुचारू रूप से संपन्न हों। भारत निर्वाचन आयोग ने हाल ही में घोषणा की कि ओडिशा में चुनाव सुचारू ढंग से संपन्न कराने के लिए बीएसएफ सहित सीएपीएफ की कुल 75 कंपनियां तैनात की जाएंगी। कुमार ने कहा कि बीएसएफ को 2010 से नक्सल विरोधी अभियानों के लिए ओडिशा में तैनात किया गया और पिछले 14 वर्ष के दौरान इस अभियान के तहत 65 माओवादी मारे गए हैं, 793 गिरफ्तार किए गए हैं और 632 ने आत्मसमर्पण किया है। उन्होंने कहा कि राज्य में बीएसएफ ने कुल 476 इम्प्रोवाइज्ड एक्सप्लोसिव डिवाइस' (आईईडी) जब्त किए हैं।




## मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने पटना में राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**पटना/भाषा।** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सोमवार को यहां राष्ट्रीय डॉल्फिन अनुसंधान केंद्र (एनडीआरसी) का उद्घाटन किया।

पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन विभाग के मंत्री प्रेम कुमार ने उद्घाटन के बाद संवाददाताओं से कहा, एनडीआरसी गंगा डॉल्फ़िन के अध्ययन के लिए वैज्ञानिकों एवं शोधकर्ताओं के लिए एक संग्रहण स्थल के रूप में काम करेगा। यह केंद्र डॉल्फ़िन के व्यवहार को समझने और अनुसंधान करने के लिए एक मंच प्रदान करने के साथ गंगा डॉल्फ़िन संरक्षण के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दे सकेगा।

इस अवसर पर विभाग की सचिव बंदना प्रेयशी ने कहा कि एनडीआरसी जो पटना में गंगा नदी के किनारे स्थित है, न केवल भारत में बल्कि पूरे एशिया में अपनी तरह का पहला केंद्र है।

प्रेयशी ने कहा, एनडीआरसी का लक्ष्य डॉल्फ़िन अनुसंधान के लिए एक व्यापक सुविधा के रूप में काम करना है, जिसमें एक ही छत के नीचे सभी आवश्यक उपकरण उपलब्ध हैं। शोधकर्ता उनके प्राकृतिक आवास में डॉल्फ़िन के व्यवहार के विभिन्न पहलुओं पर गौर करेंगे, उनके भोजन की आदतों और बदलते परिवेश में अनुकूलन जैसे कारकों का अध्ययन करेंगे। इसके अलावा, केंद्र मछुआरों को मछली पकड़ने की गतिविधियों के दौरान अनजाने में डॉल्फ़िन को नुकसान पहुंचाने से बचने के तरीकों पर प्रशिक्षण देने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाएगा।

उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री द्वारा एनडीआरसी के उद्घाटन के साथ बिहार अब भारत के राष्ट्रीय जलीय जीव गंगा डॉल्फिन पर अनुसंधान के लिए एक महत्वपूर्ण केंद्र के रूप में उभरेगा।



## नड्डा से मुलाकात के बाद पवन सिंह ने कहा- जो भी होगा, अच्छा होगा

**नई दिल्ली/भाषा।** भोजपुरी गायक एवं अभिनेता पवन सिंह ने पश्चिम बंगाल की आसनसोल लोकसभा सीट से भाजपा के उम्मीदवार के तौर पर चुनाव लड़ने से मना करने के अगले दिन सोमवार को राष्ट्रीय अध्यक्ष जे पी नड्डा से मुलाकात कर अपना पक्ष रखा और कहा कि आगे जो भी होगा, वह अच्छा होगा।

सिंह ने नड्डा के आवास पर उनसे मुलाकात की। भाजपा ने शनिवार को सिंह को आसनसोल से उम्मीदवार घोषित किया था, लेकिन अगले ही दिन उन्होंने कहा कि कहा कि वह 'किसी कारणवश' आसनसोल से चुनाव नहीं लड़ पाएंगे। नड्डा से मुलाकात के बाद उन्होंने पत्रकारों के सवालों का जवाब देते हुए कहा, आगे जो भी होगा, अच्छा होगा। उनसे जब यह पूछा गया कि क्या वह लोकसभा चुनाव लड़ेंगे और क्या वह बिहार के आरा से चुनाव लड़ना चाहेंगे, उन्होंने कहा, यह तो समय ही बताएगा। कुछ भी होगा, तो मैं आप सभी से साझा करूंगा। वर्तमान में तृणमूल कांग्रेस के शत्रुघ्न सिन्हा आसनसोल निर्वाचन क्षेत्र का लोकसभा में प्रतिनिधित्व कर रहे हैं।



## अन्य राज्य की सरकारें मप्र में धार्मिक स्थलों पर धर्मशालाएं बना सकती हैं : मुख्यमंत्री यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भोपाल/भाषा।** मुख्यमंत्री मोहन यादव ने सोमवार को अन्य राज्यों की सरकारों को मध्य प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर धर्मशालाएं बनाने के लिए आमंत्रित किया। यादव ने अयोध्या रवाना होने से पहले कैबिनेट की एक बैठक की अध्यक्षता की। भगवान राम के अयोध्या स्थित मंदिर में यादव, राज्य के मंत्रियों और उनकी पत्नियों का पूजा करने का कार्यक्रम है।

मुख्यमंत्री ने अयोध्या यात्रा को बहुत महत्वपूर्ण अवसर बताते हुए कहा कि सरकार मध्य प्रदेश में धार्मिक स्थलों के विकास के संबंध में विभिन्न निर्णयों के कार्यान्वयन में तेजी लाएगी। यादव ने कहा, हमारी सरकार मध्य प्रदेश के तीर्थयात्रियों के लिए अयोध्या में एक धर्मशाला बनाने का भी प्रयास करेगी। हम अन्य राज्यों की सरकारों को भी उनके राज्यों के तीर्थयात्रियों के लिए मध्य प्रदेश के प्रमुख धार्मिक स्थलों पर धर्मशालाओं के निर्माण के लिए जमीन उपलब्ध कराने का प्रयास करेंगे। उन्होंने कहा कि देश के विभिन्न हिस्सों से बड़ी संख्या में लोग मध्य प्रदेश में उज्जैन और ओंकारेश्वर के प्रसिद्ध मंदिरों में आते हैं, इसलिए अन्य राज्यों की सरकारें इन स्थानों पर धर्मशालाएं बना सकती हैं। यादव ने धार्मिक स्थलों के विकास को गति देने के लिए विभिन्न विभागों के साथ समन्वय कर कैबिनेट की एक उप-समिति के गठन का प्रस्ताव रखा। मुख्यमंत्री ने कहा, सरकार का मानना है मंदिरों को भी सामाजिक चेतना और सद्भाव का केंद्र बनना चाहिए जहां सामूहिक विवाह जैसे समारोह आयोजित किए जा सकें।

## सिंधिया ने भारत में जिंदल स्टेनलेस की पहली हरित हाइड्रोजन परियोजना का उद्घाटन किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**नई दिल्ली/भाषा।** केंद्रीय इस्पात मंत्री ज्योतिरादित्य सिंधिया ने हरियाणा के हिसार में जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड की स्टेनलेस स्टील क्षेत्र में स्थापित देश की पहली हरित हाइड्रोजन परियोजना का सोमवार को उद्घाटन किया।

हरित हाइड्रोजन इकाई को जिंदल स्टेनलेस लिमिटेड (जेएसएल) ने हाइजेनको के सहयोग से स्थापित किया है। इसका लक्ष्य कार्बन उत्सर्जन में लगभग 2,700 टन प्रतिवर्ष की कटौती करना है। सिंधिया ने इस्पात सचिव नागेंद्र नाथ सिन्हा की उपस्थिति में इस परियोजना का ऑनलाइन उद्घाटन करते हुए कहा, जेएसएल नवाचार के मामले में सबसे आगे रही है। मैं छत और फ्लोटिंग दोनों के साथ पहली हाइड्रोजन-आधारित इस्पात इकाई लगाने के लिए जेएसएल और हाइजेनको की सराहना करता हूं।

हरित हाइड्रोजन इकाई के भीतर जलाशय में तैरते सौर पैनल लगे हैं जो पानी के वाष्पीकरण को कम करने में भी मदद करेंगे। इस संयंत्र को निर्माण-स्वामित्व-संचालन-हस्तांतरण मॉडल पर हाइजेनको लिमिटेड के साथ साझेदारी में विकसित किया गया है। हरित हाइड्रोजन का इस्तेमाल जेएसएल हिसार इकाई में स्टेनलेस स्टील निर्माण प्रक्रियाओं में करेगी।

## प्रधानमंत्री के लिए विकास परियोजनाओं के कार्यक्रमों को 'इवेंट' में बदला गया : कांग्रेस

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** कांग्रेस ने सोमवार को दावा किया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी विभिन्न राज्यों में जिन परियोजनाओं की शुरुआत कर रहे हैं वो सभी उनके प्रधानमंत्री बनने से पहले की परियोजनाएं हैं।

पार्टी महासचिव जयराम रमेश ने आरोप लगाया कि प्रधानमंत्री एक 'इवेंट मैनेजर' हैं और विकास परियोजनाओं से जुड़े कार्यक्रमों को उनके लिए 'इवेंट' में बदला गया है। प्रधानमंत्री मोदी ने सोमवार को तेलंगाना में बिजली, रेल और सड़क क्षेत्रों से संबंधित 56,000 करोड़ रुपए से अधिक की कई विकास परियोजनाओं का उद्घाटन और शिलान्यास किया। तेलंगाना से पहले मोदी ने 'एक्स' पर पोस्ट किया था, अगले दो दिनों में मैं तेलंगाना, तमिलनाडु, ओडिशा और पश्चिम बंगाल में विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लूंगा। जिन विकास कार्यों का उद्घाटन किया जाएगा, वे कई क्षेत्रों को कवर करेंगे और कई लोगों के जीवन में बदलाव लाएंगे। रमेश ने 'एक्स' पर पोस्ट किया, प्रधानमंत्री आज, कल और परसों विभिन्न राज्यों में उद्घाटन

# 'अश्विन नई चीजें आजमाने से हिचकिचाता नहीं है'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय टीम में लंबे समय तक रविचंद्रन अश्विन के साथ खेलने वाले चेतेश्वर पुजारा का कहना है कि यह सीनियर ऑफ स्पिनर हमेशा नई चीजें आजमाने के लिए तत्पर रहता है और हमेशा खुद को प्रतिद्वंद्वी बल्लेबाजों से एक कदम आगे रखता है। अश्विन ने हाल में पारंपरिक प्रारूप में 500 विकेट चटकाने की उपलब्धि हासिल की और वह ऐसा करने वाले अनिल कुंबले के बाद दूसरे भारतीय बने। अश्विन धर्मशाला में सात मार्च से इंग्लैंड के खिलाफ शुरू होने वाले पांचवें मैच में अपना 100वां टेस्ट खेलेंगे।

पुजारा ने 'ईएसपीएन क्रिकइंफो' के लिए अपने कॉलम में लिखा, अश्विन के लिए बल्लेबाजों को पढ़ना हमेशा अहम हिस्सा रहा है। वह हमेशा एक कदम आगे रहता है, वह छोटी से छोटी चीज पर भी सतर्क रहता है। वह बल्लेबाज की हरकतों को हमेशा देखता रहता है, उसके तेज दिमाग के लिए कोई सी जानकारी छोटी नहीं है। वह प्रत्येक गेंद के लिए काफी प्रयास करता है। उन्होंने लिखा, 500 टेस्ट विकेट की उपलब्धि हासिल करने के बाद अब वह एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि - 100 वां टेस्ट खेलने के करीब है। वह हालांकि विभिन्न कारणों से यहां तक देर से पहुंचा। लेकिन मैं उसके लिए बहुत खुश हूं। वह हमेशा चुनौती लेने के लिए तैयार रहता है और वह इस उपलब्धि का हकदार है। पुजारा ने लिखा, कई प्रारूपों में खेलने के बावजूद वह लंबे समय तक बना रहा और खुद को बेहतर करता रहा जो उसका कुछ नया करने की सोच की वजह से हुआ। वह नई चीजें करने से हिचकिचाता या डरता नहीं है, चाहे इस प्रक्रिया में वह विफल ही हो जाए।

पिछले साल अपना 100वां टेस्ट खेल चुके पुजारा ने कहा कि अश्विन का सामना करते हुए बल्लेबाजों को राहत नहीं मिलती क्योंकि यह गेंदबाज हमेशा विकेट चटकाने की कोशिश में जुटा रहता है। पुजारा ने कहा, बल्लेबाजों को वह राहत नहीं लेने देता। अगर आप उस पर 'ओवर द स्टंप' खेलते हुए सहज हो जाओगे तो वह इसे 'राउंड द स्टंप' में बदल देगा। यहां वह ऐसा कोण हासिल कर लेगा कि अगर गेंद सीधे जाएगी कि अगर आप इसे डिफेंड करने की कोशिश भी करोगे तो गेंद बल्ले का किनारा छू लेगी। उन्होंने लिखा, वह लगातार बल्लेबाज पर नजरें गड़ाए रहता है।

## मैं प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी नहीं करूंगी : साक्षी मलिक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** ओलंपिक कांस्य पदक विजेता पहलवान साक्षी मलिक ने सोमवार को प्रतिस्पर्धी कुश्ती में वापसी को खारिज करते हुए कहा कि राष्ट्रीय महासंघ के पूर्व प्रमुख बृज भूषण शरण सिंह के खिलाफ कथित यौन उत्पीड़न के लिए लंबे समय तक विरोध प्रदर्शन से वह मानसिक रूप से थक गई हैं।

पिछले साल दिसंबर में बृजभूषण शरण सिंह के करीबी संजय सिंह के भारतीय कश्ती महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के चुनाव में अध्यक्ष चुने जाने के बाद साक्षी ने रोते हुए प्रेस कांफ्रेंस में कुश्ती से संन्यास की घोषणा की थी। वह ओलंपिक कांस्य पदक विजेता बजरंग पूनिया और विनेश फोगाट के साथ महीनों से विरोध प्रदर्शन कर रही हैं जिसमें उनकी मांग बृजभूषण सिंह को हटाने और गिरफ्तार करने की थी। साक्षी मलिक ने भारत में 'मी टू' अभियान के प्रभाव पर चर्चा के लिए एक पैनल चर्चा में कहा, एक साल से ज्यादा का समय हो गया है, इतना ज्यादा मानसिक दबाव है और हम हर संभव तरीके से इस विरोध प्रदर्शन को सफल बनाने की कोशिश में जुटे हैं इसलिए मैं कुश्ती जारी नहीं रख पाऊंगी। उन्होंने कहा, मुझे भारत के लिए ओलंपिक कांस्य पदक मिला और मैं चाहती हूं कि मेरे जूनियर रजत और स्वर्ण पदक जीतें। मैं भारत में हर लड़की को अपना सपना साकार करते हुए देखना चाहूंगी।

साक्षी ने कहा, कई लोगों ने मुझे कुश्ती में जारी रखने की सलाह दी लेकिन मैं बृजभूषण जैसे लोगों के बीच कुश्ती नहीं करना चाहती। बुरा लगता है जब आप ऐसे लोगों को खुले में घूमता हुए देखते हो। ऐसा लगता है कि वह अब भी चीजों पर नियंत्रण बनाए है। उन्होंने कहा, मैंने ये घटनाएं सिर्फ सुनी नहीं हैं बल्कि व्यक्तिगत रूप से उत्पीड़न का अनुभव किया है। मैंने कुश्ती छोड़ दी लेकिन युवा पहलवान उम्मीद लगाए हैं कि हमारा अभियान बृजभूषण जैसे लोगों को हटा देगा। हम जो कर सकते थे हमने किया। साक्षी ने कहा, मैं एक बार फिर सरकार से इल्तजा करती हूं कि उससे जुड़े लोगों को कुश्ती प्रशासन में आने की अनुमति नहीं दे। मैं हमेशा सकारात्मक बनी रहूंगी। मुझे सकारात्मक नतीजे की उम्मीद है।

## सुविचार

**जिंदगी में दो चीजें भूलना बहुत मुश्किल है, एक दिल का घाव और दूसरा किसी के दिल के साथ लगाव।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# न भूलें शब्दों की मर्यादा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी जब से चुनावी राजनीति में आए हैं, हर चुनाव (विधानसभा और लोकसभा) से पहले विपक्ष उन पर हमला करते हुए जाने-अनजाने में कुछ ऐसे 'शब्दबाण' छोड़ देता है, जिनका रुख उसकी ही ओर हो जाता है। यह कहना गलत नहीं होगा कि मोदी ऐसे 'शब्दबाणों' पर बड़ी ही सूझबूझ से काबू पा लेते हैं तथा उन पर कुछ और धार चढ़ाते हुए दोबारा विपक्ष की ओर छोड़ देते हैं। ऐसा प्रतीत होता है कि विपक्ष ने इस बार भी वह बाण छोड़ दिया है, जिसे मोदी ने न केवल लपक लिया, बल्कि विपक्ष की ओर रवाना भी कर भी दिया है। बिहार के पूर्व मुख्यमंत्री लालू प्रसाद यादव पटना में एक रैली को संबोधित करते हुए प्रधानमंत्री मोदी पर ऐसे अनेक शब्दबाण छोड़ सकते थे, जिनके जरिए उनकी सरकार पर कई बार निशाना साधने का मौका मिलता, लेकिन उन्होंने उनके निजी जीवन पर प्रहार किया, जो ग़ैर-ज़रूरी था। उनका यह बयान कि 'अगर नरेंद्र मोदी के पास अपना परिवार नहीं है तो हम क्या कर सकते हैं', राजनीतिक शुचिता और मर्यादा का उल्लंघन है। किसी भी व्यक्ति के निजी जीवन को इस तरह निशाना नहीं बनाना चाहिए। कौन व्यक्ति घर-बार बसाता है, कौन वैराग्य धारण करता है, यह उस व्यक्ति का निजी मामला है। स्वयं की स्थिति के आधार पर न तो किसी से ऐसी तुलना करनी चाहिए और न ही किसी को ताना मारना चाहिए। लालू यहीं नहीं रुके। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी की माता के बारे में भी कुछ ऐसी टिप्पणियां कीं, जो उन जैसे अनुभवी नेता को नहीं करनी चाहिए थीं।

अब इन सबके जवाब में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने सोशल मीडिया पर 'मोदी का परिवार' अभियान शुरू कर दिया। लोग अपने सोशल मीडिया अकाउंट पर नाम के साथ 'मोदी का परिवार' लिख रहे हैं। इस तरह लालू ने बातों ही बातों में मोदी को 'एक और सुनहरा मौका' दे दिया। पिछले लोकसभा चुनावों में कांग्रेस ने मोदी पर हमलावर होते हुए 'चौकीदार ही ... है' का नारा दिया था, जिसके जवाब में भाजपा ने 'मैं भी चौकीदार' अभियान चलाकर पूरी तस्वीर ही बदल डाली थी। चुनाव नतीजों के बाद कई विश्लेषकों ने माना कि मोदी पर निजी हमले का कांग्रेस को नुकसान हुआ था। उससे पहले, मणिशंकर अय्यर ने मोदी के बारे में 'चायवाला' और '... आदमी' जैसी टिप्पणियां की थीं, जो कांग्रेस को ही महंगी पड़ी थीं। मोदी ने कांग्रेस नेताओं के उन शब्दों को ऐसे घुमाया कि वे कालांतर में उन पर ही भारी पड़ गए। कांग्रेस की पूर्व राष्ट्रीय अध्यक्ष सोनिया गांधी ने भी मोदी को '... का सौदागर' कहा था, जिसका परिणाम सब देख चुके हैं। नेतागण को चाहिए कि वे निजी और सार्वजनिक जीवन में ऐसे शब्दों का प्रयोग न करें, जो शिष्टाचार और मर्यादा के विरुद्ध हों। याद करें, महात्मा गांधी, पं. जवाहरलाल नेहरू, लाल बहादुर शास्त्री और अटलजी जैसे नेता सामान्य बयान देने से लेकर भाषण तक में कितने नपे-तुले शब्द बोलते थे! उनके शब्दों में प्रतिपक्ष से असहमति होने के बावजूद सम्मान का भाव होता था। वे किसी के निजी जीवन के बारे में ऐसी टिप्पणी नहीं करते थे, जिसे सुनकर उसे कष्ट हो। शास्त्रीजी ने वर्ष 1965 के युद्ध के समय जो भाषण दिया था, उसे सुनकर मालूम होता है कि अपनी बात प्रभावशाली ढंग से कहने के लिए न तो क्रोधित होने की जरूरत होती है और न ही किसी के निजी जीवन पर टीका-टिप्पणी करनी होती है। वरिष्ठ नेताओं को ऐसे शब्दों का प्रयोग करना चाहिए, जिनसे अन्य नेता और कार्यकर्ता भी शिक्षा प्राप्त करें।

## ट्वीटर टॉक



भाजपा आदिवासी कल्याण और गौरव को सर्वोच्च प्राथमिकता देते हुए काम कर रही है। आदिवासी समाज में भी जो लोग अति पिछड़े हैं, जो अब तक विकास से वंचित हैं, उनके लिए भाजपा सरकार में 'पीएम-जनमन' योजना शुरू की।

**-नरेन्द्र मोदी**



माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार द्वारा चलाई गई पीएम उज्ज्वला योजना, पीएम आवास योजना ने आमजन के जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का काम किया है। आज डिजिटल भारत के हर वर्ग को मोदी सरकार की योजनाओं का लाभ मिल रहा है।

**-दीया कुमारी**



सवाई मानसिंह अस्पताल में भर्ती मरीज श्री सचिन शर्मा जी के असमय निधन को लेकर हमारी संवेदनशील सरकार ने पीड़ित परिवार को 5 लाख रुपये की आर्थिक सहायता राशि उपलब्ध कराकर परिवार को संबल प्रदान करने में योगदान दिया ।

**-भजनलाल शर्मा**

## प्रेरक प्रसंग

# मां की सेवा से जन्नत

एक दिन हजरत मूसा ने इबादत के समय खुदा से पूछा, 'परवरदिगार, क्या आप जन्नत में मेरे पास जगह लेने वाले का नाम बताएंगे?' खुदा ने कहा, 'मूसा, तेरा पड़ोसी जन्नत में भी तेरा पड़ोसी रहेगा।' मूसा यह सुनकर हतप्रभ रह गए। उन्होंने सोचा कि जब खुदा कह रहे हैं, तो उसमें कुछ खास बात तो होगी ही। वे उससे मिलने उसकी झोपड़ी में जा पहुंचे। जूते गांठने वाला व्यक्ति अपना सामान समेटकर झोपड़ी में घुस ही रहा था। उसने हजरत मूसा को देखा, तो अभिवादन कर विनम्र होकर बोला, 'आप मेरे गरीबखाने पर पधारे, मैं आपका शुक्रगुजार हूं। आप कुछ देर बैठिए। मैं अभी आपकी खिदमत में हाजिर होता है।' जब बहुत देर हो गई, तो उन्होंने झांककर देखा कि वह व्यक्ति बिस्तर पर पड़ी जर्जर शरीर वाली वृद्धा मां को रूई के फाहे में दूध पिला रहा है। दूध पीते-पीते मां को झपकी आने लगी, तब उसने मां के पांव दबाने शुरू कर दिए। हजरत मूसा यह दृश्य देखते ही समझ गए कि खुदा उससे मां की अनूठी सेवा के कारण खुश हैं। हजरत दरवाजा खोलकर अंदर पहुंच गए। वृद्धा मां के पैरों में सिर रखकर बोले, 'मां, तेरी सेवा ने तेरे बेटे को जन्नत का हकदार बना दिया है।'

## सामयिक

# पाकिस्तान का प्रधानमंत्री बनते ही शहबाज ने कश्मीर पर उगला जहर

अशोक भाटिया
मोबाइल : 9221232130

इस्लामाबाद जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ समर्थित सांसदों के 'चोर-चोर' के नारों और हंगामे के बीच प्रधानमंत्री एल-एन नेता शहबाज शरीफ रविवार को गठबंधन सरकार का नेतृत्व करने के लिए दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री चुन लिए गए है। इसी के साथ पाकिस्तान में नई सरकार के गठन का रास्ता साफ हो गया है। शहबाज शरीफ दूसरी बार प्रधानमंत्री बनने जा रहे हैं। प्रधानमंत्री चुने जाने के साथ ही उन्होंने जम्मू कश्मीर को लेकर कई दावे किए। उन्होंने कहा, 'कश्मीर में कश्मीरियों के खून बहाए जा रहे हैं और पूरा वादी खून से सुर्ख हो गया है।' शहबाज ने इंटरनेशनल कम्युनिटी पर हमला बोलते हुए कहा, 'लेकिन फिर भी दुनिया के होंठ सिले हुए हैं।'

शहबाज शरीफ ने कश्मीर की आजादी के लिए नेशनल असेंबली से एक प्रस्ताव पारित करने की अपील की। शहबाज पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री बनेंगे। नेशनल असेंबली में उनके समर्थन में 201 वोट पड़े, जबकि विपक्षी पीटीआई के प्रधानमंत्री उम्मीदवार उमर अयूब खान को 92 वोट मिले। शहबाज ने पड़ोसी समेत तमाम मुल्कों के साथ संबंध बेहतर बनाने की मंशा जाहिर की लेकिन कश्मीर को लेकर अपने पुराने एजेंडे पर अड़े हुए हैं। सूत्रों के मुताबिक, राष्ट्रपति आरिफ अल्वी सोमवार दोपहर 3 बजे राष्ट्रपति भवन में नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री को शपथ दिलाएंगे। कथित तौर पर सेना प्रमुख जनरल असीम मुनीर, कार्यवाहक प्रधानमंत्री अनवारुल हक काकर, मुख्यमंत्री और सभी प्रांतों के राज्यपाल भी शपथ ग्रहण समारोह में हिस्सा ले रहे हैं।

शहबाज शरीफ ने सूडान, सोमाली आईलैंड जैसे मुल्कों का हवाला देते हुए फिलिस्तीन, गाजा और कश्मीर में 'जुल्म' के खिलाफ एक प्रस्ताव पास करने की अपील की, जहां इंटरनेशनल कम्यूनिटी के हस्तक्षेप से शांति कायम हुई। उन्होंने विपक्षी सांसदों से 'फिलिस्तीन और कश्मीर की आजादी' के लिए साथ मिलकर काम करने का आग्रह किया। प्रधानमंत्री चुने जाने के बाद शहबाज शरीफ ने अपने बड़े भाई नवाज शरीफ को गले लगाया। उन्होंने विपक्षी सांसदों का सरकार को समर्थन देने के लिए धन्यवाद दिया। पाकिस्तान में 8 फरवरी को चुनाव हुए थे और नतीजे आने के करीब तीन हफ्ते बाद सरकार का गठन हो सका है। पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज और बिलावल भुट्टो की पाकिस्तान पिपुल्स पार्टी और छोटे दलों के समर्थन से शहबाज प्रधानमंत्री बनेंगे।

पाकिस्तान के नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने एक बार फिर कश्मीर को लेकर जो जहर उगला है उसका पीओके से निर्वासित मानवाधिकार कार्यकर्ता अमजद अयूब मिर्जा ने करारा जवाब दिया। मिर्जा का कहना है कि उन्होंने इस क्षेत्र के बारे में 'झूठ' बोला है। शहबाज शरीफ को पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर में मानवीय संकट' को स्वीकार करने की हिम्मत नहीं है। मिर्जा का दावा है कि पीओके में लोग भूख की वजह से मर रहे हैं। कश्मीर पर शहबाज को आईना दिखाया दिखाते हुए अमजद अयूब मिर्जा ने कहा कि कश्मीर पर शहबाज के दावे तथ्यात्मक रूप से गलत हैं। पीओके में मानवीय संकट है। लोग भूख की वजह से मर रहे हैं। हालात बद से बदतर



**शहबाज शरीफ ने कश्मीर की आजादी के लिए नेशनल असेंबली से एक प्रस्ताव पारित करने की अपील की। शहबाज पाकिस्तान के 24वें प्रधानमंत्री बनेंगे। नेशनल असेंबली में उनके समर्थन में 201 वोट पड़े, जबकि विपक्षी पीटीआई के प्रधानमंत्री उम्मीदवार उमर अयूब खान को 92 वोट मिले।**

होते जा रहे हैं। सरकारी कर्मचारियों को वेतन नहीं मिल पा रहा है। अस्पतालों में दवाई नहीं बची है। शिक्षा प्रणाली ध्वस्त हो चुकी है। किसी देश में पाकिस्तानी डिग्री मान्य नहीं है। शहबाज शरीफ में इस सच को मानने की हिम्मत नहीं बची है।

अमजद अयूब मिर्जा ने आगे कहा कि पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ पिछले साल अगस्त से चल रहे बिजली बहिष्कार अभियान के बारे में एक शब्द भी नहीं बोले। उन्होंने विकास के लिए या गिलगित-बाल्टिस्तान के लोगों को गेहूं व आटा उपलब्ध कराने के बारे में कुछ भी बात नहीं की। पीओके और पाकिस्तान के कब्जे वाले गिलगित-बाल्टिस्तान के लोग 76 सालों से पाकिस्तानी सेना की घेराबंदी का सामना कर रहे हैं। इसलिए लोगों के मन में स्पष्ट है कि ये नई सरकार उनके लिए कुछ भी नहीं करने जा रही है।शहबाज शरीफ पाकिस्तान की जनता की दुहाई देकर कश्मीर पर जहर उगलते हुए कह रहे हैं कि कश्मीर चाहिए। उन्होंने पाकिस्तान की नेशनल असेंबली में भाषण देते हुए कहा कि कश्मीर को आजाद कराना है। उन्होंने कश्मीर की तुलना फिलिस्तीन से भी की है। साथ ही साथ कश्मीर, फिलिस्तीन पर प्रस्ताव लाने की अपील की है। शपथ के पहले जिस तरह से शहबाज ने कश्मीर का राग अलापा, उसके साफ संकेत हैं कि शहबाज एक बार फिर अपनी अवाम का ध्यान दो जून की रोटी और रोजगार से हटाकर कश्मीर के नाम पर बरगलाने पर लग गए हैं। बताया जाता है कि शहबाज शरीफ किसी तरह से जोड़-तोड़ और साजिश से सरकार बनाने में लगे हैं। ऐसा इसलिए हो रहा है क्योंकि उनके ऊपर वहां की सेना का हाथ है, जो पाकिस्तान में कठपुतली सरकार बनाकर देश की बागडोर अपने हाथ में रखना चाहती है। यह भी बताया जाता है कि साल 2030 तक पाकिस्तान को जी-20 देशों की श्रेणी में लाना भी उनका लक्ष्य है। पाकिस्तानी नेशनल असेंबली में शपथ के बाद नए प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने कहा, आइए हम सभी साथ आएं और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों और फिलिस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव करना चाहिए। इस दौरान शहबाज ने फिलिस्तीन के स्वतंत्रता का जिक्र तो किया लेकिन युद्ध में मारे जा रहे फिलिस्तिनियों पर शहबाज ने कुछ नहीं कहा।शहबाज का जन्म सितंबर 1951 में लाहौर में कश्मीरी परिवार में हुआ था। उन्होंने अपना ग्रेजुएशन लाहौर के गवर्मेंट कॉलेज यूनिवर्सिटी से किया। उनका परिवार 20वीं सदी की शुरुआत में कारोबार के लिए कश्मीर के अनंतनाग से पंजाब के अमृतसर पहुंचा था। परिवार का कारोबार संभालने के बाद वह 1980 के दशक में राजनीति में आए। शहबाज शरीफ काफी सोच-समझकर राजनीति में आए थे। उन्होंने 1988 के चुनाव से राजनीति में कदम रखा। पंजाब असेंबली के बाद वो 1990 में नेशनल असेंबली के लिए चुने गए। लेकिन 1993 में वह दोबारा पंजाब असेंबली लौटे।

1997 में वह पहली बार पाकिस्तान के पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री चुने गए। वह 2008 से 2018 और 2013 से 2018 के बीच भी वह पंजाब प्रांत के मुख्यमंत्री रहे। इस दौरान उन्हें एक सख्त प्रशासक के तौर पर पहचाना गया। कई बड़े डेवलपमेंटल प्रोजेक्ट्स पर उनकी अगुवाई में धड़ल्ले से काम हुआ। शहबाज की राजनीति में पंजाब की सियासत की अहम भूमिका रही है। उन्हें मेगा प्रोजेक्ट्स को तेज गति से पूरी करने के लिए जाना जाता है। इस वजह से उन्हें 'शहबाज शरीफ स्पीड' के नाम से भी जाना जाता है।

नवाज के प्रधानमंत्री 'बनते-बनते शहबाज कैसे प्रधानमंत्री बने?' के बारे में बताया जाता है कि आठ फरवरी को देश में हुए चुनाव में प्रधानमंत्री एल-एन ने 336 सदस्यीय नेशनल असेंबली में सिर्फ 75 सीटों पर जीत दर्ज की थी। जबकि जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के निर्दलीय उम्मीदवारों ने सबसे ज्यादा सीटों पर जीत दर्ज की थी, जिसके बाद त्रिशंकु संसद के आसार बन रहे थे। ऐसे में प्रधानमंत्री एल-एन के लिए इमरान खान की पार्टी को सत्ता में आने से रोकने के लिए गठबंधन सरकार बनाने का ही विकल्प बचा था। इस गठबंधन सरकार की रूपरेखा तैयार करने का जिम्मा शहबाज शरीफ को सौंपा गया।

दरअसल प्रधानमंत्री एल-एन पार्टी को जल्द ही अहसास हो गया था कि प्रधानमंत्री के लिए नवाज शरीफ के नाम पर कई लोगों को एतराज है। ऐसे में नवाज ने अपने छोटे भाई शहबाज को पार्टी की ओर से प्रधानमंत्री उम्मीदवार बनाने का ऐलान किया। पार्टी सूत्रों का कहना है कि नवाज शरीफ गठबंधन सरकार की अगुवाई करने में सहज नहीं थे। इस वजह से उन्होंने अपने छोटे भाई शहबाज के लिए प्रधानमंत्री पद छोड़ दिया। कहा जाता है कि पाकिस्तानी सेना नवाज की तुलना में शहबाज को अधिक पसंद करती है। नवाज शरीफ की तुलना में शहबाज शरीफ के पाकिस्तानी सेना के साथ बेहतर संबंध रहे हैं। कई रिपोर्ट्स में कहा गया है कि सेना ने कई बार नवाज की तुलना में शहबाज से प्रधानमंत्री बनने की पेशकश की थी, जिसे शहबाज खारिज करते रहे। 1999 में जनरल परवेज मुशर्रफ ने नवाज शरीफ सरकार का तख्तापलट कर दिया था। इसके बाद शहबाज अपने परिवार के साथ आठ साल के लिए सऊदी अरब निर्वासित हो गए। इसके लिए बकायदा शहबाज शरीफ की मुशर्रफ के साथ डील हुई थी।

शहबाज शरीफ का परिवार 2008 में पाकिस्तान लौटा। शहबाज 2008 में दूसरी बार पंजाब के मुख्यमंत्री बने और 2013 में तीसरी बार इस कुर्सी पर बैठे। पनामा पेपर्स मामले में 2017 में नवाज शरीफ को प्रधानमंत्री पद से अयोग्य करार दिया गया। तब नवाज ने शहबाज को पार्टी का अध्यक्ष नियुक्त किया। 2018 के चुनाव में इमरान खान की पार्टी से हार के बाद शहबाज ने एक मजबूत विपक्षी नेता की भूमिका भी निभाई। शहबाज का परिवार 2008 में पाकिस्तान लौटा। उसी साल देश में आम चुनाव थे। लेकिन 1998 के हत्या के एक मामले की वजह से वह चुनावों में हिस्सा नहीं ले सके। दरअसल लाहौर में उनके खिलाफ हत्या का एक मामला दर्ज कराया गया था। इस एफआईआर में शहबाज पर आरोप लगाया गया था कि उन्होंने पंजाब के मुख्यमंत्री पद पर रहते हुए एक पुलिस मुठभेड़ का आदेश दिया था, जिसमें कुछ लोगों की मौत हुई थी। शहबाज पर भ्रष्टाचार के भी कई मामले दर्ज हुए, जिसमें वह महीनों जेल में भी बंद रहे। शहबाज ऐसे समय में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री बने हैं, जब पाकिस्तान चौतरफा मार से जूझ रहा है। गरीबी, बेरोजगारी, चौपट अर्थव्यवस्था और कर्ज की मार से पाकिस्तान बेहाल है। ऐसे में प्रधानमंत्री का ये पद उनके लिए कांटों भरा ताज साबित हो सकता है। कश्मीर का राग अलाप कर कुछ दिन तक वो भले ही पाकिस्तानियों का ध्यान भटका ले पर आखिर उन्हें जल्द ही सच का सामना करना पड़ेगा।

## नजरिया

# नरेंद्र मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन?

आशीष वशिष्ठ
मोबाइल : 99362 47777

अगले कुछ दिनों में चुनाव आयोग लोकसभा चुनाव की तारीखों की घोषणा करेगा। राजनीतिक दल चुनाव मैदान में कूद चुके हैं। देश का राजनीतिक तापमान लगातार बढ़ता जा रहा है। भाजपानीत एनडीए का चेहरा नरेंद्र मोदी हैं। ऐसे में अहम प्रश्न है कि मोदी के सामने विपक्ष का चेहरा कौन होगा? क्या विपक्ष चुनाव मैदान में उतरने से पहले किसी एक चेहरे पर सहमति बना पाएगा? या फिर विपक्ष बिना चेहरे के ही मोदी को चुनौती देगा? विपक्ष अभी तक यह तय नहीं कर पाया है कि मोदी के सामने कौन विपक्ष को चेहरा कौन होगा।

भाजपा ने पिछले चुनाव में भी इस बात को खूब प्रचारित किया था कि विपक्ष के पास मोदी का कोई विकल्प नहीं है। सोशल मीडिया पर आज भी इस बात की चर्चा होती है कि आम चुनाव में विपक्ष के पास प्रधानमंत्री के लिए कौन ऐसा उम्मीदवार है, जो मोदी की बराबरी करता दिखे? इसका कोई जवाब विपक्ष के पास नहीं है। विपक्ष में प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार अनेक हैं। दलों में क्षेत्रीय स्तर पर टकराव बहुत हैं। इनके चलते विपक्ष चुनाव, संसद के भीतर या सड़क पर सरकार के खिलाफ एकजुट नहीं दिखाई देता है। नीतीश कुमार ने विपक्षी एकता का प्रयास किया था, लेकिन कांग्रेस के रवैये से रुष्ट होकर वो दोबारा एनडीए में शामिल हो चुके हैं।

इंडी अलायंस पिछले दस महीने में आधा दर्जन बैठकों के बाद भी किसी एक चेहरे के नाम पर सहमति नहीं बना पाया। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का उम्मीदवार समझता है। 2014 के बाद जब से नरेंद्र मोदी की अगुवाई में नई बीजेपी सामने आई तब से देश में चेहरा आधारित चुनाव का नया दौर शुरू हुआ। नरेंद्र मोदी के सामने विकल्प कौन? यह विपक्ष का सबसे अनसुलझा सवाल रहा। बीता साल भी विपक्ष ने इसी के जवाब में निकाल दिया। विपक्ष ने 27 दलों का इंडी अलांयस भी बनाया तब भी उसमें एक आम चेहरा सामने नहीं ला पाया। वहीं अगर पिछले कुछ सालों का रिकार्ड देखें तो जिस राज्य में विपक्ष ने विधानसभा चुनाव में मजबूत चेहरा रखा वहां उसे विजय हासिल हुई। लेकिन केंद्र में आकर वह ऐसा करने में विफल रहा। बीती 19 दिसंबर को इंडी अलांयस की मीटिंग में यह मसला उठा और कुछ नेताओं ने कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे का नाम आगे किया लेकिन इसमें सफलता नहीं मिली। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने जोर देकर कहा कि विपक्षी दलों के लिए पहली प्राथमिकता आम चुनाव जीतना और फिर प्रधानमंत्री पद के उम्मीदवार का नाम तय करना होगा। उन्होंने कहा, आवश्यक सदस्यों के बिना पीएम उम्मीदवार के बारे में चर्चा निरर्थक है। खरगे के गैर-प्रतिबद्ध रुख ने संकेत दिया कि गठबंधन का चेहरा नामित करने का मुद्दा विवादास्पद बना हुआ है। जबकि तमाम आंकड़े और सर्वेक्षण बताते हैं कि आजकल मतदाता चुनाव में नेतृत्व की स्पष्टता वाले दल की ओर अधिक जाना पसंद करते हैं।

ऐसे में विपक्ष के लिए इस अनसुलझे प्रश्न की तलाश सबसे अधिक है। मुकाबला तो साफ तौर पर घोषित उम्मीदवारों के बीच होता है। जब विपक्ष ने किसी को अपना चेहरा घोषित ही नहीं कर पाया, ऐसे में आमजन में यह संदेश गया कि विपक्ष के पास मोदी का मुकाबला करने वाला कोई नाम और चेहरा नहीं है। बिना किसी चेहरे के विपक्ष अपनी आधी लड़ाई शुरू होने से पहले ही हार चुका है। इंडी अलांयस के गठन के पहले ही दिन से कांग्रेस बड़ी चालाकी से गठबंधन के संयोजक के मुद्दे पर हीलाहवाली करती रही। सीट बंटवारे को लेकर भी उसका रुख कभी साफ नहीं रहा। वास्तव में कांग्रेस ने बड़ी चालाकी से नीतीष कुमार के बनाए मंच पर अपना वर्चस्व और प्रभुत्व स्थापित कर लिया। और रणनीति के तहत वो संयोजक के नाम की घोषणा जैसे अहम मुद्दे को बैठक दर बैठक टालती रही। गठबंधन में संयोजक ही प्रधानमंत्री पद का चेहरा होता। कांग्रेस यह नहीं चाहती थी कि राहुल गांधी के अलावा कोई दूसरा चेहरा गठबंधन की ओर से घोषित किया जाए। हालांकि कांग्रेस की चालाकी को नीतीश, केजरीवाल और ममता भांप गए। इसलिए इन तीन नेताओं ने कांग्रेस के रवैये की



आलोचना करने से परहेज नहीं किया।

नीतीश तो गठबंधन से अलग हो गए। ममता ने मल्लिकार्जुन का नाम प्रधानमंत्री पद के लिए आगे बढ़ाकर राहुल और अन्य संभावित प्रत्याषियों का रास्ता रोकने का काम किया। केजरीवाल कांग्रेस के साथ आए भी तो अपनी षर्तों पर। कांग्रेस ने झुककर आप से सीटों का बंटवारा किया। ममता अकेले चुनाव लड़ने का संदेष दे ही चुकी है। मतलब साफ है कि गठबंधन में कोई किसी को आगे बढ़ता देखना नहीं चाहता। विपक्ष का हर नेता स्वयं को प्रधानमंत्री पद का दावेदार मानता है। और वो प्रधानमंत्री पद के लिए अपना रास्ता साफ रखना चाहता है।

देश की जनता विपक्षी नेताओं के चाल चरित्र और सत्ता की लोलुपता को बड़े ढंग से देख रही है। जनता को पता है कि एक ओर प्रधानमंत्री मोदी जैसे ऊर्जावान और निस्वार्थ व्यक्ति है, जो अहर्निशं देष और देषवासियों के कल्याण और विकास के बारे में सोचता है। और दूसरी ओर एक ऐसा गठबंधन है, जिसके अधिकांष नेता अपना वर्तमान और अपने परिवार का भविष्य सुरक्षित करने के लिए जोड़ तोड़ कर रहे हैं। उन्हें मोदी को अपने सत्ता सुख के लिए हराना है। विपक्ष देश की जनता को कभी यह नहीं बताता कि वो मोदी को हटाकर उनके लिए क्या करेंगे? देश के विकास का उनका मॉडल क्या है?

उन्होंने देश के प्रगति का कौन सा रोडमैप तैयार किया है? विपक्ष मुफ्त की सौगातों और न पूरे होने वाले वायदे देकर सत्ता हासिल करने की कोशिशों में जुटा है। मोदी सरकार के हर काम की आलोचना और अड़चन को ही विपक्ष अपना धर्म और कर्तव्य मानता है। उसके पास कोई देष को आगे बढ़ाने का कोई माडल, रोडमैप और ब्लूप्रिंट नहीं है। देशवासी सब कुछ देख रहे हैं। पिछले दस वर्षों में देश में जो परिवर्तन और विकास हुआ है, उसे विपक्ष के नेता अपने बयानों की चादर से ढक नहीं सकते। सरकारी योजनाओं से करोड़ो देशवासी लाभन्वित हुए हैं। सरकारी कार्यप्रणाली में निष्पक्षता और पारदर्शिता का प्रतिशत बढ़ा है।

प्रधानमंत्री मोदी पिछले दो महीने में कई अवसरों पर अपने तीसरे कार्यकाल का जिक्र कर चुके हैं। बीती 3 मार्च को प्रधानमंत्री मोदी की अध्यक्षता में केंद्रीय कैबिनेट की बैठक हुई। मौजूदा सरकार की यह आखिरी कैबिनेट बैठक थी। करीब 11 घंटे चली मीटिंग में विजन डॉक्यूमेंट विकसित भारत 2047, अगले 5 साल की योजनाओं और सरकार के तीसरे कार्यकाल के दौरान पहले 100 दिन की रणनीति पर चर्चा हुई। जहां एक ओर विपक्ष के कई बड़े नेता अपने लिए सुरक्षित सीटें और गठबंधन में सीटों के बंटवारे को लेकर उलझे हुए हैं। वहीं पीएम मोदी तीसरे कार्यकाल की रणनीति तय कर रहे हैं। पीएम मोदी के आत्मविश्वास से अंदर ही अंदर समूचे विपक्ष में घबराहट है।

पिछले वर्ष पांच राज्यों के चुनाव में मोदी की गारंटी विपक्ष के वायदों पर भारी पड़ी थी। देशवासियों ने मोदी की गारंटी पर भरोसा किया। इंडी अलांयस भी मोदी को हराने के लिए कोई कसर बाकी नहीं छोड़ रहा। कांग्रेस तो अपना स्तर गिराकर समझौते और गठबंधन करने से भी परहेज नहीं कर रही है। लेकिन अहम सवाल यह है कि प्रधानमंत्री मोदी के छवि, कद और नेतृत्व के सामने क्या विपक्ष की बिना चेहरे वाली रणनीति कामयाब हो पाएगी? इसमें कोई दो राय नहीं है कि मोदी के चेहरे के सामने में विपक्ष की बिना चेहरे वाली एकजुटता जरूरी कमजोर नजर आएगी। लेकिन, इससे उसके असफल होने की गारंटी नहीं है। यदि विपक्ष सत्ता विरोधी लहर को भुनाने में कामयाब होता है और सरकार की नाकामियों को जनता के बीच ले जाने में सफल रहता है तो फिर उसे फायदा होगा। लेकिन, यदि सत्ता विरोधी लहर नजर नहीं आती है तो फिर मोदी के चेहरे का फायदा फिर भाजपा को मिलेगा।

महत्त्वपूर्ण

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006. Editor : Bhupendra Kumar (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar. Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**Regn No.RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- **दक्षिण भारत राष्ट्रमत**

# पाकिस्तानी विशेषज्ञ भारत के साथ संबंधों में सुधार आने की तत्काल कोई संभावना नहीं देखते

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

इस्लामाबाद। शहबाज शरीफ के दूसरी बार पाकिस्तान के प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बीच, देश के विशेषज्ञों को कश्मीर मुद्दे पर भारत के साथ मतभेदों के चलते दोनों देशों के संबंधों में तत्काल सुधार होने की कोई संभावना नजर नहीं आ रही है। दक्षिण एशिया के दोनों पड़ोसी देश परमाणु आयुध से लैस हैं। ब्रिटेन के शासन से 1947 में आजादी मिलने के बाद से भारत और पाकिस्तान के बीच अब तक कम से कम तीन बड़ी लड़ाइयां हुई हैं।

भारत द्वारा 2019 में संविधान के अनुच्छेद 370 को निरस्त करने, जम्मू और कश्मीर का विशेष दर्जा हटाये जाने और राज्य को दो केंद्र शासित प्रदेशों में विभाजित करने के बाद दोनों देशों के संबंध में खटास बनी हुई है।

पाकिस्तान ने इस कदम को संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के प्रस्तावों का उल्लंघन करार दिया और भारत के साथ व्यापार सहित सभी संबंध तोड़ लिए। लाहौर यूनिवर्सिटी ऑफ मैनेजमेंट साइंसेज में राजनीति विज्ञान के प्रोफेसर रसूल बक्स रईस ने बताया कि 2019 के बाद से दोनों देशों के बीच मतभेद बढ़ गया है, और यह तय करना आसान नहीं है कि दोनों पक्ष कैसे सुलह की ओर बढ़ सकते हैं। उन्होंने कहा, मुझे रुख में तत्काल कोई बदलाव या फिर से बातचीत शुरू होने की संभावना नहीं दिख रही है, क्योंकि भारत में भी आम चुनाव होने जा रहे हैं और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी पाकिस्तान के बारे में अपना विमर्श बदलना नहीं चाहेंगे।

पाकिस्तान में चुनावों के बाद नयी सरकार के गठन से यह उम्मीद जगी है कि प्रधानमंत्री शहबाज गतिरोध को खत्म करने और भारत के साथ खराब संबंधों को सुधारने के लिए सकारात्मक कदम उठा सकते हैं। पाकिस्तान के नवनिर्वाचित प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने रविवार को अपने पहले संबोधन में कश्मीर मुद्दा उठाया था।

हालांकि, उन्होंने पड़ोसियों सहित सभी प्रमुख देशों के साथ संबंध सुधारने का भी संकल्प जताया। शहबाज ने कहा, हम पड़ोसियों के साथ समानता के आधार पर संबंध रखेंगे। उन्होंने कश्मीर का मुद्दा उठाया और इसकी तुलना फलस्तीन से की। उन्होंने कहा, आइए हम सब एक-साथ आएं... और नेशनल असेंबली को कश्मीरियों तथा फलस्तीनियों की आजादी के लिए एक प्रस्ताव पारित करना चाहिए। पाकिस्तान इस बात पर जोर देता रहा है कि संबंधों में सुधार लाने का दायित्व भारत पर है और वह उससे बातचीत शुरू करने की पूर्व शर्त के तौर पर कश्मीर से जुड़े उसके एकतरफा कदमों को वापस लेने का आग्रह कर रहा है।

भारत ने इस सुझाव को खारिज कर दिया और पाकिस्तान को स्पष्ट कर दिया है कि जम्मू-कश्मीर और लद्दाख केंद्र शासित प्रदेश उसके अभिन्न और अविभाज्य हिस्से हैं। प्रोफेसर रईस ने कहा, पाकिस्तान बातचीत शुरू होने से पहले शर्तें रखने की स्थिति में नहीं है, क्योंकि समय के साथ भारत मजबूत हो गया है और पाकिस्तान कमजोर हुआ है।

सरगोधा विश्वविद्यालय में राजनीति और अंतरराष्ट्रीय संबंध विभाग के सहायक प्रोफेसर डॉ. अशफाक अहमद ने कहा कि शुरुआत में पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज का पूरा ध्यान गठबंधन सरकार को स्थिर करने पर होगा, और उनके लिए विशेषकर भारत के साथ संबंधों पर ध्यान केंद्रित करना संभव नहीं होगा।

उन्होंने कहा, लेकिन बाद में, शायद छह महीने के बाद, अगर सरकार देश में व्यापार और पानी की कमी जैसे कुछ प्रमुख मुद्दों का समाधान करना चाहती है तो उसे भारत के साथ संबंधों पर आगे बढ़ना होगा।

अहमद ने यह भी कहा कि पाकिस्तान सरकार बातचीत फिर से शुरू करने के लिए तैयार होने का जब भी संकेत देगी, उस वक्त भारत की प्रतिक्रिया देखना दिलचस्प होगा। रईस ने कहा कि बातचीत व्यापार और अन्य संबंधित मुद्दों पर शुरू हो सकती है और विश्वास बनाने के लिए दोनों पक्ष कश्मीर मुद्दे पर बात कर सकते हैं। उन्होंने कहा, लेकिन यह समझना जरूरी है कि पाकिस्तान, भारत के साथ तभी वार्ता करेगा जब उसे लगेगा कि यह उसके पक्ष में है और उसे कुछ फायदा मिलेगा। अन्यथा, वह बातचीत करने के लिए इच्छुक नहीं होगा।

श्रद्धा



हरिद्वार में शिवभक्त सोमवार को शिवरात्रि पर्व के अवसर पर भगवान शिव को चढ़ाने के लिए हर की पौड़ी से गंगा जल ले जाते हुए।

# प्रधानमंत्री प्रचंड ने नेपाली कांग्रेस से गठबंधन तोड़ा, मंत्रिमंडल में फेरबदल किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

काठमांडू। नेपाल के प्रधानमंत्री पुष्प कमल दाहाल 'प्रचंड' ने नेपाली कांग्रेस के साथ अपनी लगभग 15 महीने की साझेदारी को मतभेदों के कारण सोमवार को खत्म कर दिया और मंत्रिमंडल में फेरबदल किया। प्रचंड ने पूर्व प्रधानमंत्री के.पी. शर्मा ओली नीत कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) के साथ नया गठबंधन किया, जिसके बाद सोमवार अपराह्न में तीन मंत्रियों ने पद एवं गोपनीयता की शपथ ली। राष्ट्रपति भवन 'शीतल निवास' में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह के दौरान सीपीएन-यूएमएल से पदम गिरी, सीपीएन (माओवादी केंद्र) से हित बहादुर तमांग और राष्ट्रीय स्वतंत्र पार्टी (आरएसपी) से डोल प्रसाद अर्याल ने पद और गोपनीयता की शपथ ली। हालांकि, नवनियुक्त मंत्रियों को विभाग नहीं सौंपे गए हैं। सीपीएन-यूएमएल, सीपीएन (माओवादी केंद्र), आरएसपी और जेएसपी की सामूहिक ताकत 142 है, जो 275 सदस्यीय सदन में न्यूनतम आवश्यक 138 सीट से अधिक है।



नेपाली कम्युनिस्ट पार्टी (माओवादी केंद्र) के एक नेता ने कहा कि प्रचंड के नेतृत्व वाली सीपीएन (माओवादी केंद्र) और शेर बहादुर देउबा के नेतृत्व वाली नेपाली कांग्रेस के बीच गठबंधन समाप्त हो गया है क्योंकि दोनों शीर्ष नेताओं के बीच मतभेद काफी गहरा गए हैं। सीपीएन (माओवादी केंद्र) के सचिव गणेश शाह ने 'पीटीआई-भाषा' से कहा, नेपाली कांग्रेस ने प्रधानमंत्री के साथ सहयोग नहीं किया, इसलिए हम नए गठबंधन की तलाश करने के लिए मजबूर हैं। प्रचंड 25 दिसंबर, 2022 को नेपाली कांग्रेस के समर्थन से प्रधानमंत्री बने थे।

प्रतिनिधि सभा में सबसे बड़ी पार्टी नेपाली कांग्रेस के साथ गठबंधन तोड़ने के बाद प्रचंड ने ओली के नेतृत्व वाली नेपाल कम्युनिस्ट पार्टी (एकीकृत मार्क्सवादी-लेनिनवादी) से हाथ मिलाने का फैसला किया। हालांकि, ओली को प्रचंड का आलोचक माना जाता है। पिछले साल, राष्ट्रपति चुनाव के लिए मुख्य विपक्षी दल के उम्मीदवार को समर्थन देने पर मतभेद के बाद सीपीएन-यूएमएल ने प्रचंड के नेतृत्व वाली सरकार से अपना समर्थन वापस ले लिया था। कुछ परियोजनाओं के लिए बजट आवंटन के मुद्दे पर नेपाली कांग्रेस नेता एवं वित्त मंत्री प्रकाश शरण महत और प्रचंड के बीच मतभेद बढ़ने के बाद दोनों दलों के बीच दरार बढ़ गई। सीपीएन-यूएमएल के अध्यक्ष ओली ने सोमवार को प्रधानमंत्री के आवास पर प्रचंड से मुलाकात की और एक नया गठबंधन बनाने से संबंधित मुद्दों पर चर्चा की।

न्याय यात्रा



कांग्रेस नेता राहुल गांधी सोमवार को मध्य प्रदेश के राघोगढ़ में भारत जोड़ो न्याय यात्रा के दौरान।

# यूक्रेन के समर्थन से जुड़े टेप के लीक होने पर मॉस्को ने जर्मनी के राजदूत को तलब किया

मॉस्को। यूक्रेन के समर्थन से जुड़े टेप के लीक होने के बाद सोमवार को रूसी विदेश मंत्रालय में जर्मनी के राजदूत को तलब किया। स्थानीय मीडिया की खबर में यह जानकारी दी गई। रूस ने यह कदम सोशल मीडिया पर आयी उस ऑडियो रिकॉर्डिंग के जारी होने के कुछ दिनों बाद उठाया जिसमें कथित तौर पर जर्मन अधिकारियों को यूक्रेन के समर्थन पर चर्चा करते हुए दिखाया गया था।

सरकारी 'आरआईए नोवोस्ती' ने पत्रकारों की भीड़ से घिरे जर्मन राजदूत अलेक्जेंडर ग्राफ लैम्ब्सडॉर्फ के मास्को स्थित विदेश मंत्रालय के भवन में प्रवेश करने के समय की तस्वीरें प्रसारित की हैं। रूसी सरकार द्वारा वित्त पोषित टीवी चैनल आरटी की प्रधान संपादक मार्गरीटा सिमोनियन ने शुक्रवार को सोशल मीडिया पर ऑडियो पोस्ट किया था। सिमोनियन ने कहा कि 38 मिनट की रिकॉर्डिंग में सैन्य अधिकारियों को जर्मन में चर्चा करते हुए दिखाया गया कि कैसे लंबी दूरी की क्रूज मिसाइल टॉरस का इस्तेमाल कीव द्वारा हमलावर रूसी सेनाओं के खिलाफ किया जा सकता है। एसोसिएटेड प्रेस (एपी) इस रिकॉर्डिंग की प्रामाणिकता को स्वतंत्र रूप से सत्यापित नहीं कर सका है।

# रश्मिका मंदाना बोलीं, जापान जाने का वर्षों पुराना सपना हुआ साकार

मुंबई/एजेन्सी



एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना का कहना है कि वह जापान जाने का वर्षों से सपना देखती थीं। उन्हें जापान अमेजिंग लगा। क्रंचीरोल एनीमे अवॉर्ड्स के लिए जापान के टोक्यो में रहीं एक्ट्रेस ने रविवार को सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म इंस्टाग्राम पर अपने कई फोटोज शेयर किए। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना फोटोज में एम्बेलिश्ड ड्रेस पहने किलर पोज देती नजर आ रही हैं। एक्ट्रेस को फोटो में देखा जा सकता है, वह छोटे बालों में नजर आ रही हैं, उन्होंने न्यूड मेकअप और कुछ एक्सेसरीज के साथ अपने लुक को पूरा किया। एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने पोस्ट के कैप्शन में लिखा, ''जापान एक ऐसी जगह है जहां जाने का मैंने वर्षों से सपना देखा था। बचपन से कभी नहीं सोचा था कि यह सपना कभी सच होगा। एनीमे वर्ल्ड के क्रिएटर्स में से किसी एक को अवॉर्ड देने वाले अवॉर्ड शो का हिस्सा बनने की तो बात ही छोड़िए! और आखिरकार यह सच हो गया।'''जापान में हर किसी से मिल पाना, यहां अविश्वसनीय प्यार पाना, इतना गर्मजोशी से स्वागत... खाना, मौसम, इतनी साफ-सुथरी जगह, इतने प्यारे लोग... यह अद्भुत है!'' धन्यवाद जापान! वास्तव में! मुझे तुमसे प्यार है! सचमुच बहुत खास है।'' इसके अलावा एक्ट्रेस ने लिखा कि वह अब हर साल यहां आती रहेंगीं।

# ओटीटी पर 'फर्जी' ने बनाया था रिकॉर्ड, अब 'फर्जी-2' की बारी

मुंबई/एजेन्सी

शाहिद कपूर की वेब सीरीज 'फर्जी' अमेजन प्राइम वीडियो पर सबसे ज्यादा देखी जाने वाली वेब सीरीज बनी थी। इसे करोड़ों लोगों ओटीटी प्लेटफॉर्म पर स्ट्रीम किया गया था। पिछले साल से ही लोगों को इसके अगले सीजन का इंतजार है। इसकी एक्ट्रेस रही राशि खन्ना ने इसके अगले सीजन से पर्दा उठा दिया है। उन्होंने बता दिया कि कब आएगा फर्जी का दूसरा सीजन।

'फर्जी' को राज और डीके ने निर्देशित किया था, जो इससे पहले दर्शकों को द फैमिली मैन के दो सीजन दे चुके थे। उनकी फैमिली मैन को जबरदस्त प्रतिसाद मिला था। इसके चलते ही फर्जी को अमेजन प्राइम वीडियो पर 30 मिलियन से अधिक व्यूज मिले थे पिछले साल। ये अपने आप में ही रिकॉर्ड था। इसमें नकली नोट बनाने वाले गैंग की कहानी थी जिनसे शाहिद कपूर भी जुड़ जाते हैं। फिल्म में दक्षिण भारत के बेहतरीन अदाकारों में शुमार विजय सेतुपति, राशि खन्ना, के. के. मेनन, अमोल पालेकर जैसे स्टार्स थे। इसमें राशि खन्ना ने शाहिद कपूर की लवर और इवेस्टिगेशन ऑफिसर का रोल प्ले किया था।



# फिल्म 'पंख' का ट्रेलर रिलीज

मुंबई/एजेन्सी

वर्ल्डवाइड चैनल एवं जीतेन्द्र गुलाटी प्रस्तुत भोजपुरी फिल्म पंख का ट्रेलर वर्ल्डवाइड रिकार्ड्स भोजपुरी से रिलीज हो गया है।

फिल्म पंख के ट्रेलर में संजय पांडे, माही श्रीवास्तव, श्वेता म्हारा, आयशा कश्यप, विनोद मिश्रा, रोहित सिंह (मटरू) को मुख्य रूप से दिखाया गया। जो अपने अपने सपनो को पूरा करने के लिए विदेश जाना चाहते हैं। ट्रेलर की शुरुआत में वाराणसी के पंडित संजय पांडे को दिखाया गया है जो अपनी पंडिताई से दो वक्त की रोटी का जुटाने के लिए जूझ रहे होते हैं। जिसकी पत्नी उनको ताना मरते हुए नजर आती है। इसके बाद श्वेता म्हारा की एंट्री होती है, जो एक मीडिल क्लास घर की बेटी है, जो एक महत्वाकांक्षी लड़की की भूमिका में है। जिसके घर में नियम और कायदे कानून से श्वेता तो श्वेता उसकी दोस्त भी परेशान दिखती है। वही रोहित सिंह (मटरू ) विदेश जाकर खूब पैसा कमाना चाहते हैं। इसके बाद ट्रेलर में माही श्रीवास्तव और आयशा कश्यप दो बहनें दिखाई गई है। जो दुबई जा रही है। ये सभी किरदार अपनी अपनी मजबूर और महत्वाकांक्षा को पूरा करने के लिए दुबई जाते हैं। इसके बाद विदेश में इनको क्या क्या काम करना पड़ता है और किन किन मुसीबतों का सामना करना पड़ता है इसी की कहानी है पंख। फिल्म के ट्रेलर को लेकर निर्माता रत्नाकर कुमार ने कहा है कि मैं भोजपुरी मनोरंजन उद्योग को फलते-फूलते देखकर रोमांचित हूं।हमारी फिल्म पंख ट्रेलर आज रिलीज किया गया है। जिसमें हर कलाकार को जगह दी गई है। फिल्म आपको देखने में मजा आने वाला है क्योंकि इसमें आपको कॉमेडी, ड्रामा और इमोशन का तगड़ा डोस देखने को मिलेगा।

संजय पांडे ने कहा कि ये फ़िल्म मेरे दिल के तहत करीब है क्योंकि इस फिल्म का किरदार बहुत ही शानदार है जो अजने लिए नही बल्कि अपनी बेटी के लिए पैसा कमाना चाहता है और पत्नी के तानों का जवाब देना चाहता है। आप सब से अपील है कि ट्रेलर को ज्यादा से ज्यादा अपना प्यार दे। माही श्रीवास्तव ने कहा कि फिल्म उद्योग जगत में काम करना मेरे लिए अविश्वसनीय रूप से फायदेमंद रहा है। 'पंख' जैसी फिल्म में योगदान करने का अवसर पाकर मैं सम्मानित महसूस कर रही हूं, जिसका ट्रेलर रिलीज हो चुका है।

# कानपुर के वैभव गुप्ता रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 14' के विजेता बने

मुंबई/एजेन्सी



कानपुर के वैभव गुप्ता गायकी के रियलिटी शो 'इंडियन आइडल 14' के विजेता बन गए हैं। उन्होंने प्रतिस्पर्धा में अपने साथी प्रतिभागियों कोलकाता के सुभदीप दास चौधरी और राजस्थान के पीयूष पंवार को हराकर यह खिताब अपने नाम किया है। रविवार की रात इंडियन आइडल 14 का ग्रैंड फिनाले जीतने के बाद 19 वर्षीय गुप्ता को इनाम में सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन की ओर से 25 लाख रुपये का चैक और सह-प्रायोजक मारुति सुजुकी इंडिया लिमिटेड की ओर से ब्रेज़ा गाड़ी प्रदान की गई। गायक ने कहा कि वह पार्श्व गायन में अपना कॅरियर बनाना चाहते हैं। गुप्ता ने 'पीटीआई भाषा' से कहा, 'जब मैं बच्चा था तो मैं आमतौर पर कहता था कि आइडल (इंडियन आइडल) मेरा सपना है और आज यह मेरे लिए सच हो गया है। मैं बहुत खुश हूं और मुझे बहुत गर्व महसूस हो रहा है कि मैंने अपने पिता को यह खुशी दी है। मैंने सोचा था कि अगर मैं लंबे समय तक कड़ी मेहनत करूंगा, तो एक दिन मुझे यह (आइडल ट्रॉफी) मिल जाएगी और आज मैं आइडल 14 का विजेता बन गया हूं।' युवा गायक जीते गए नकद पुरस्कार से अपनी संगीत यात्रा शुरू करने के लिए अपना खुद का संगीत स्टूडियो बनाना चाहते हैं। उन्होंने कहा, मैं अपने सपनों का स्टूडियो बनाऊंगा। मैं स्टूडियो में नए गाने बनाऊंगा और अपनी आवाज और अच्छे संगीत के साथ आप तक पहुंचने की पूरी कोशिश करूंगा।



# पैसा, प्रसिद्धि नहीं बल्कि बच्चों में है सच्ची खुशी-अर्जुन रामपाल

मुंबई/एजेन्सी

हाल ही में एक्शन थ्रिलर फिल्म 'क्रैक: जीतेगा तो जिएगा' में नजर आने वाले बॉलीवुड एक्टर अर्जुन रामपाल ने कहा कि पिता बनना भगवान का आशीर्वाद है। सच्ची खुशी पैसे या प्रसिद्धि में नहीं, बल्कि आपके बच्चों में है।

अर्जुन की पहली पत्नी मेहर जेसिया से दो बेटियां महिका और मायरा रामपाल हैं। एक्टर अपने तलाक के बाद से गैब्रिएला के साथ रिलेशनशिप में हैं। वह 2019 में एक बेटे (अरिक) के पिता बने। वहीं दंपति ने 2023 में अपने दूसरे बच्चे का स्वागत किया। पिता बनने के बाद उनके जीवन में क्या बदलाव आए, एक्टर ने इस पर खुलकर बात की।

उन्होंने कहा कि पिता बनना भगवान के आशीर्वाद की तरह है। मुझे लगता है कि मुझे कई बार आशीर्वाद मिला है और भगवान मुझ पर बहुत दयालु रहे हैं। उन्होंने आगे कहा कि असली और सच्ची खुशी आपके बच्चों में है।

अर्जुन ने अपने करियर की शुरुआत एक मॉडल के तौर पर की थी। उन्होंने प्यार इश्क और मोहब्बत से अभिनय की शुरुआत की जिसके बाद उन्हें दिल का रिश्ता, डी-डे, चक्रव्यूह, इंकार, आंखें, राजनीति और रॉक ऑन, जैसी फिल्मों में देखा गया। जिसके लिए उन्हें 2008 में सर्वश्रेष्ठ सहायक अभिनेता के राष्ट्रीय फिल्म पुरस्कार से नवाजा गया। 51 वर्षीय एक्टर के इंस्टाग्राम पर दो मिलियन फॉलोअर्स हैं। वह अपने अच्छे लुक के कारण लोगों का काफी ध्यान आकर्षित करते हैं। उन्होंने कहा कि मैं महिलाओं का बहुत सम्मान करता हूं। वह लास्ट में गैब्रिएला की तारीफ करते नजर आते हैं।

# श्रीमद रामायण में 'हनुमान' की भूमिका निभाकर कृतज्ञ महसूस कर रहे हैं निर्भय बाधवा

मुंबई/एजेन्सी

जानेमाने अभिनेता निर्भय वाधवा सोनी एंटरटेनमेंट टेलीविजन पर प्रसारित हो रहे सीरियल श्रीमद रामायण में 'महाबली हनुमान'की भूमिका निभाकर कृतझ महसूस कर रहे हैं। सीरियल'संकट मोचन महाबली हनुमान' समेत कई सीरियल में हनुमान की भूमिका निभा चुके निर्भय वाधवा एक बार फिर 'श्रीमद रामायण' में हनुमान की भूमिका निभा रहे हैं।निर्भय वाधवा ने कहा,मैंने अब तक श्रीमद रामायण के एपिसोड देखने का वाकई आनंद लिया है और अब मैं अपने किरदार को और भी अधिक तीव्रता से चित्रित करने की जिम्मेदारी महसूस करता हूं। चूंकि पूरी कास्ट ने अपनी भूमिकाओं के साथ बहुत बढ़िया



काम किया है। जैसे ही मैं भगवान हनुमान के पवित्र स्थान पर कदम रखता हूं, मैं अपने जीवन में एक बार फिर ऐसे पूज्य और प्रिय चरित्र को अपनाने का अवसर पाकर कृतज्ञ महसूस करता हूं। इस किरदार के माध्यम से, मैं इस शक्तिशाली योद्धा की गहराई में जाना चाहता हूं और उनके और भगवान राम के बीच के दिव्य बंधन को उजागर करना चाहता हूं।

RNI No. : TNHIN/2013/52520
Regn No. : TN/CCN/613/2014-2016
posted at Patrika Channel,
Egmore RMS, Chennai-8

जब जीवन में ईश्वर की अनुभूति हो जाती है तो आत्मा और परमात्मा का मिलन स्थापित हो जाता है और मानव जीवन में शांति का संचार हो जाता है। यदि मन में ईश्वर के प्रति प्रेम और विश्वास है तो विपरीत परिस्थितियाँ भी भक्त को नहीं डरातीं। ईश्वर पर विश्वास शांति-सुकून देता है और इसलिए भक्त आनंद की स्थिति में रहता है। ईश्वरीय ज्ञान व्यक्ति को इस ईश्वर से जोड़े रखता है जिससे मन में स्थिरता आती है। ईश्वर से जुड़कर ही व्यक्ति को परम शांति की प्राप्ति होती है।




# गीता को जानने के बाद किसी और शास्त्र को जानने की आवश्यकता ही नहीं : गोपीनाथ दास

## डीजी वैष्णव कालेज मे अंतर्राष्ट्रीय सेमिनार सम्पन्न

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



चेन्नई। द्वारका दास गोवेर्धन दास वैष्णव कॉलेज के हिन्दी विभाग शिफ्ट -2 के तत्वावधान में सोमवार को एक दिवसीय अंतर्राष्ट्रीय संगोष्ठी का आयोजन हुआ। 'वर्तमान समाज के लिए श्रीमद भगवद गीता की प्रासंगिकता' विषय पर आयोजित संगोष्ठी में मुख्य अतिथि इस्कॉन के कर्मठ सेवक अजीता गोपीनाथ दास ने कहा कि आज के परिवेश में मानव जीवन के लिए गीता से अधिक उपयोगी कुछ दूसरा हो ही नहीं सकता।

उन्होंने बताया की गीता पढ़ने के बाद किसी और ग्रंथ को पढ़ने की जरूरत ही नहीं है। सर्व समभाव का संदेश जिस प्रभावकारी ढंग से गीता देती है वह अन्यत्र संभव ही नहीं है। उन्होने गीता को जीवन मे अपनाने का संदेश दिया। विशिष्ट अतिथि के रूप मे कनाडा से पधारी सुविख्यात साहित्यकार डॉ स्नेह ठाकुर ने बताया की गीता से जीवन मे अनेक आदर्श प्रस्तुत किए जा सकते है। विदेशों में भी गीता की उपयोगिता को स्वीकार किया गया है। आज तो इसकी बहुत जरूरत है। मालद्वीप से आए पंडित श्री नारायण मिश्रा ने गीता को समाज की आवश्यक आवश्यकता बताते हुए कहा कि हम लोग सौभाग्यशाली है कि जो गीता जैसा ग्रंथ हमको विरासत में मिला है। जिसकी पूरे विश्व को जरूरत है। पांडिचेरी से पधारी डॉ पद्मा प्रिया ने गीता के महत्व को बताते हुए कहा कि गीता को शिक्षा पद्धति में रखना चाहिए।

महाविद्यालय के सचिव डॉ अशोक कुमार मूँधड़ा ने गीता को नई पीढ़ी के लिए बेहद उपयोगी बताया। कोषाध्यक्ष अशोक केडिया ने कहा कि गीता तो हम सबके लिए मार्ग दर्शक का कार्य करती है। गीता को घर घर पहुंचाना चाहिए। प्राचार्य डॉ एस संतोष बाबू ने कहा कि कृष्ण इस कालेज के आराध्य है। गीता पर सेमिनार इस बात को प्रमाणित करता है कि हमारा कालेज वैष्णवीज़्म को बरकरार रखा है। अशोक केडिया ने मुख्य अतिथि और प्राचार्य संतोष बाबू ने विशिष्ट अतिथि का शाल व स्मृति चिह्न से सम्मान किया। विभागाध्यक्ष डॉ अशोक कुमार द्विवेदी ने सभा का स्वागत किया। शहर के कुल 40 प्राध्यापकों एवं 30 छात्रों ने अपना प्रपत्र पढ़ा। जिसका प्रकाशन किया जाएगा। पूरा दिन गीतामय रहा। डॉ सुनील पाटिल ने संचालन किया और डॉ प्रवीण कुमार मिश्र ने धन्यवाद ज्ञापन किया। डॉ मनोज कुमार द्विवेदी ने प्रार्थना से सेमिनार का शुभारंभ किया। डॉ कुमार अभिषेक ने अतिथियों अतिथि का परिचय प्रस्तुत किया। विभाग के सभी प्राध्यापकों ने एक-एक सत्र का संचालन किया। वरिष्ठ साहित्यकार रमेश गुप्त नीरद, डॉ राजलक्ष्मी, डॉ वासुदेवन, डॉ सरोज सिंह, आदि सहित अनेक प्राध्यापक सेमिनार मे मौजूद रहे।




## दर्पण फाउंडेशन का 44वाँ उपनिषद संपन्न

# धर्म और मतवाद के बीच की भिन्नताओं और समानताओं पर बेबाक संवाद

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। दर्पण फाउंडेशन का चौवालीसवाँ उपनिषद् गुरुजी श्री नंदकिशोर एवं चर्चित पुस्तक 'मोदी एरा' के लेखक, चिंतक, सामाजिक कार्यकर्ता पंकज जायसवाल के मध्य संपन्न हुआ्। आज के परिप्रेक्ष्य में सन्तों की भूमिका विषय पर केंद्रित इस उपनिषद् में गुरुजी ने विषय स्पष्ट करते हुए कहा कि केवल आज ही के परिप्रेक्ष्य में नहीं, संतों की भूमिका सदैव ही समाज में सनातन दिव्य जीवन मूल्यों और सद्गुणों का अपने दैनन्दिन जीवन व्यवहार के माध्यम से निमित्त बने रहना है ताकि नवीन पीढ़ी व वैश्विक मानवता उच्च आदर्शों को यथार्थ सत्य जान व मान कर दिव्य जीवन जीने का उदाहरण साक्षात देखती रह सके।

पंकज जायसवाल के धर्म और रिलीजंस के अंतर को दो टूक भाषा में चाहने पर पूछे प्रश्न के उत्तर में दोनों की भिन्नताओं को स्पष्ट करते हुए गुरुजी ने कहा कि धर्म कहता है कि जीव कभी भी परमेश्वर से विलग नहीं हो सकता, वह केवल अपना यथार्थ संबंध और स्वरूप भूल सकता है, जबकि रिलीजन और मज़हब कहते हैं कि जीव और ईश्वर कभी एक नहीं हो सकते। सनातन धर्म व अन्य में यह पहला और मूल अंतर है।

इसी मूल अंतर से दूसरा अंतर सृजित होता है और वह है मज़हब और रिलीजन में शैतान का होना एक समानांतर उपस्थिति है। वह येन, केन, प्रकारेण शुद्ध आत्मा होने की स्मृति प्राप्त कर अंततः यहोवा या गॉड या अल्लाह में विलीन नहीं होता। इन दो मूल भिन्नताओं के अतिरिक्त सभी धर्मों में समानताएँ अगणित हैं, जैसे सभी धर्म सद्गुणों और मूल्यों को धारण करना अच्छा मानते हैं और इस बात पर किसी की कोई असहमति नहीं है। उपनिषद् में राष्ट्र निर्माण में संतों का योगदान देश में धर्म परिवर्तन और धर्म के ख़िलाफ़ दुष्प्रचार कर किए जा रहे कन्वर्शन आदि अन्य विषयों पर भी चर्चा हुई्। श्रोताओं के प्रश्नों के उत्तरों के साथ ही उपनिषद् का समापन हुआ्।



# जीतो की साइबर सुरक्षा और जागरूकता पर कार्यशाला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। जीतो के चामराजपेट स्थित कार्यालय में जीतो लेडीज विंग बेंगलूरु साउथ ने 2 मार्च को 'साइबर सुरक्षा जागरूकता - माँ और बच्चों के लिए पहल' पर एक कार्यक्रम सतर्क पर एक सत्र का आयोजन किया। कार्यक्रम की शुरुआत नवकार मंत्र एवं दीप प्रज्वलन से हुई। चेयरपर्सन सुनीता गांधी ने सभी का स्वागत करते हुए कहा कि डिजिटल फ्रॉड से सावधान रहें। मुख्य सचिव मोनिका पिर्गल ने पूरे कार्यक्रम का संचालन किया और साइबर सुरक्षा के महत्व पर प्रकाश डाला और डिजिटल धोखाधड़ी पर अपने अनुभव साझा किए। महिला विंग के संयोजक संजय भंडारी ने जेएलडब्ल्यू संचालित प्रोजेक्ट की सराहना की। उन्होंने कहा कि यह परियोजना सही समय पर पूरी की गई है जिससे सभी को साइबर धोखाधड़ी से सुरक्षित रहने में मदद मिलेगी।

संयोजक अस्मिता चौहान ने कार्यक्रम की मुख्य वक्ता डिजीसेफ इंडिया की हर्षिनी किशोर कुमार सिंह का परिचय दिया। सत्र में कई महत्वपूर्ण विषयों को शामिल किया गया। वक्ता ने सभी को हैक शो और सामाजिक प्रयोगों के साथ साइबर दुनिया से परिचित कराया। उन्होंने फ़िशिंग जाल और नवीनतम घोटालों से बचने के तरीके बताए। उन्होंने हमारे दैनिक जीवन में सोशल मीडिया के विचार और साथियों के दबाव के प्रभाव को कवर किया। विशेष रूप से बच्चों के लिए, उन्होंने बताया कि कैसे बच्चों को आदी बनाने के लिए वीडियो गेम और मनोवैज्ञानिक तरकीबों का उपयोग किया जाता है। कैसे बच्चों ने डार्क वेब का उपयोग किया है और गंभीर परिणामों का सामना किया है।

उन्होंने नकारात्मक रिश्तों की पहचान करने और सेक्सटिंग, फोटो धमकियों और ब्लैकमेल पर काबू पाने में मदद की, किसी के जीवन को अच्छे के लिए बदलने के लिए इंटरनेट का उपयोग करने के तरीके बताए। उन्होंने परिवार में माताओं और बच्चों को ऑनलाइन सुरक्षित, सतर्क, स्मार्ट रहने और साइबर अपराध के मामलों की रिपोर्ट करना और पुलिस के साथ बातचीत करना सिखाया।

डिजीसेफ इंडिया की संस्थापक के.सुष्मिता सिंह जो ऑस्ट्रेलिया से जूम कॉल पर हमारे साथ जुडे। सभी बच्चों और माताओं को ऑनलाइन व्यक्तिगत विवरण को डिजिटल रूप से सुरक्षित रखने के बारे में अधिक स्पष्टता दी गई। उन्होंने कुछ सावधानियों का पालन करने की सलाह दी। जैसे किसी भी लिंक पर अचानक क्लिक करने से बचना और मार्केटिंग स्पैम मेल पर फोन नंबर और बैंक विवरण से जुड़ी अलग मेल आईडी रखना। हर्षिनी की टीम के साथ, आदित्य और कृष्णा ने प्रश्नों को हल करने में मदद की। इस कार्यक्रम में कुल मिलाकर बच्चों और माताओं ने भाग लिया। सह संयोजिका दीपमाला जैन ने सभी का आभार व्यक्त किया। एपेक्स जेबीएन सह संयोजक एसएसबी रेखा जैन ने कहा कि जेबीएन महिलाओं के लिए अपना व्यवसाय विकसित करने का एक मंच है जो महिलाओं को आगे लाना चाहता है। जीतो लेडीज़ विंग बेंगलूरु साउथ की कोषाध्यक्ष भारती तलेसरा, सहमंत्री नीलम ललवानी, कमिटी सदस्य इन्दु खीवेसरा, निशा टुकलिया और सपना चोपड़ा इस मौके पर उपस्थित रहे।



# सियाल अध्यक्ष, कोठारी कार्याध्यक्ष व बोहरा मंत्री नियुक्त

## सोजतरोड़ जैन संघ, कर्नाटक की नई कार्यकारिणी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कर्नाटक में निवासित सोजतरोड़ मूल के निवासियों को एक सूत्र में बाँधने एवं आपसी जुड़ाव को बढ़ाने के उद्धेश्य से गठित सोजतरोड़ जैन संघ के पदाधिकारियों की नियुक्ति संपन्न हुई।

बसवनगुड़ी में आयोजित कोर समिति की सभा में संतोषकुमार सियाल को अध्यक्ष, उत्तमचंद कोठारी को कार्याध्यक्ष, किरणराज कोठारी को उपाध्यक्ष, सिद्धार्थ बोहरा को मंत्री, रमेशकुमार गांधी को कोषाध्यक्ष व सुरेंद्र गुंदेचा को सहमंत्री पद पर सर्वसम्मति से चुना गया। संघ कार्यों को उचित दिशा निर्देशन हेतु देवीचंद बोहरा, उगमराज फूलफगर, सुरेशचंद गुन्देचा व धर्मीचंद धारीवाल को मार्गदर्शन का भार सौंपा गया। साथ ही 13 सदस्यों को कार्यकारिणी में जोड़ा गया।

अपनी नियुक्ति पर संघ सदस्यों को धन्यवाद देते हुए अध्यक्ष संतोषकुमार सियाल ने कहा कि कर्नाटक भर में बसे सोजतरोड़ प्रवासियों को एक माला में पिरोना उनका प्रमुख ध्येय रहेगा। कार्याध्यक्ष उत्तमचंद कोठारी के अनुसार कर्नाटक के विभिन्न नगरों में बसे सोजतरोड़ प्रवासियों में आपसी मेलजोल बढ़ाने हेतु शीघ्र ही सभी की भागीदारी वाला एक कार्यक्रम आयोजित किया जायेगा। संघ मंत्री सिद्धार्थ बोहरा ने संघ के समूह में जुड़े सभी सदस्यों से अनुरोध किया कि संघ में जुड़ने ने वंचित प्रवासियों को संघ से जोड़ने के कार्य को प्राथमिकता देवे। संघ व संघ सदस्यों की प्रगति हेतु प्रतिबद्ध रहने की प्रतिज्ञा के साथ सभा का समापन हुआ।





# खाटू श्याम को 121 निशान अर्पण

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। कलयुगी अवतार बाबा श्याम के फाल्गुन मेले के अवसर पर बेंगलूरु में महिला भक्ति मंडल द्वारा रविवार को गोटिगेरे शिव मंदिर से विशाल निशान यात्रा का आयोजन 3 मार्च को बड़ी धूमधाम से किया गया। इस अवसर पर सुबह 8 बजे महिला भक्त मंडल की सदस्यों ने निशान पूजन किया तत्पश्चात श्याम भक्तों को निशान वितरण किया गया।

सभी श्याम भक्त डीजे की धुन पर नाचते गाते बाबा श्याम को रिझाते हुए कतारबद्ध होकर चलते हुए बन्नरघट्टा नेशनल पार्क के सामने श्याम मन्दिर पहुँच कर बाबा को निशान अर्पित किए।

इस अवसर पर पूरा श्याम मंदिर जय श्री श्याम के जयकारों से गुंजायमय हो रहा था। इस अवसर पर श्याम मंदिर के संस्थापक सदस्य रेवन्तमल झंवर ने सभी श्याम भक्तों को सुंदर आयोजन के लिए आभार व्यक्त किया।



# आईश्री चांपल माताजी के दर्शन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

चेन्नई। तमिलनाडु चारण समाज चेन्नई के सचिव व अखिल भारतीय चारण गढ़वी महासभा तमिलनाडु के युवाध्यक्ष हिंगलाजदान चारण आकली का सिणधरी चारणान स्थित आईश्री चॉपल माताजी मंदिर में स्वागत किया गया।

उनका साफा पहनाकर शॉल ओढाकर सम्मान किया गया। इस दौरान मन्दिर के ट्रस्ट अध्यक्ष नारायणसिंह चारण, नरपतदान डाभड़, कवि हिंगलाजदान ओगाळा, अखेदान खिडिया, भरतदान गढवाड़ा, सुरेन्द्रसिंह लालस, शक्तिदान चारण डाभड़ सहित गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# शिव पुराण कथा 6 से 10 मार्च तक सिंधी पंचायत धर्मशाला में



बेंगलूरु/दक्षिण भारत। शिवरात्रि महापर्व पर श्रीधाम वृंदावन से यहां पहुंचे बालशुक श्री पुण्डरीक कृष्णजी की पांच दिवसीय संगीतय शिवपुराण कथा 6 से 10 मार्च तक गांधीनगर के सिंधी पंचायत धर्मशाला में प्रतिदिन सायं 4 से 7 बजे तक आयोजित की जा रही है। सभी शिव भक्त एवं श्रद्धालु इस कथा का आनंद उठाएं। संचालन व्यवस्था में श्री पंडित रामशंकर तिवारी वृंदावन द्वारा तैयारियां की जा रही हैं।

# धर्म भवनों में नहीं अपितु मानव के कर्तृत्व और विनम्रता में है : साध्वी लावण्यश्री

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



बेंगलूरु। यशवन्तपुर के तेरापंथ सभा भवन में सोमवार को अपने प्रवचन में साध्वीश्री लावण्यश्रीजी ने लोभ और माया के दुष्प्रभाव के बारे में समझाते हुए कहा कि किए हुए कर्म किसी न किसी जन्म में किसी न किसी रूप में पुनः लौटकर आते है हमारा पुरुषार्थ कर्म को हल्का करने में लगाना चाहिए। साध्वीश्री ने आगे फरमाया कि यशवन्तपुर एक साताकारी, धर्मनिष्ठ, एवं जागरूक क्षेत्र है। साध्वीश्री सिद्धांतश्री ने कहा धर्म भवनों में नहीं अपितु मानव के कर्तृत्व, विनम्रता में है जिससे आत्मा शुद्ध अवस्थान को प्राप्त करती है। साध्वीश्री दर्शितप्रभा ने कहा संत जहां प्रवास चातुर्मास करते है तो अनेक श्रावकों से सेवा सहयोग प्राप्त होता है।

कई श्रावकों की विनम्रता, सेवा अनुकरणीय होती है। साधु साध्वी प्रवास के दौरान प्रवचन, तत्वचर्चा के द्वारा ज्ञान का आदान प्रदान करते है। सेवा भावी पिस्ता बाई रमेश रोशन बोराणा परिवार के निवास स्थान पर साध्वीश्री का प्रवास रहेगा। पांच मार्च को आगामी चातुर्मास स्थल सिंधनूर की ओर यशवंतपुर से टी दासरहल्ली की तरफ विहार करेंगी। सभा अध्यक्ष गौतम चंद मुथा, पूर्व अध्यक्ष प्रकाश बाबेल, मदनलाल बरडिया, अभातेयुप से विनोद मुथा, तेयुप अध्यक्ष जिगर मारू, महिला मंडल से अध्यक्ष मीनाक्षी दक, मंत्री लाडली मुथा, प्रीति गादिया ने साध्वीश्री के प्रति कृतज्ञता अर्पित की एवं विहार एवं चातुर्मास हेतु मंगलकामना प्रेषित की। कार्यक्रम का संचालन सभा मंत्री महावीर ओस्तवाल ने किया। सभा, महिला मंडल, युवक परिषद के पदाधिकारियों सहित अनेक श्रावक-श्राविका इस मौके पर उपस्थित थे।

# हमारा अनुराग और श्रद्धा ही जिन शासन है : आचार्य महेन्द्रसागर

राणेबेन्नूर/दक्षिण भारत। यहां श्री सुमतिनाथ जैन श्वेताम्बर मूर्तिपूजक संघ में 'केसरियो रंग जिन शासननो' प्रवचन श्रृंखला में आचार्यश्री महेन्द्रसागरसूरिजी ने कहा कि जिन शासन खुद के परीक्षण और निरीक्षण के लिए मिला है। वीतराग सर्वज्ञ भगवान के वचन जिनशासन है। उस वचन के आधार पर रचित-ग्रन्थित आगम ग्रन्थ जिन शासन है। प्रभु वचनों को हृदय में बसानेवाले साधु- साध्वी, श्रावक और श्राविका जिनशासन है। तीर्थ-मंदिर और मूर्तियाँ जिन शासन है। उपाश्रय-आराधना भवन और वहाँ हो रही साधना जिन शासन है। पाठशाला और आयंबिल भवन जिनशासन है क्योंकि इन सभी के आधार से लोगों में जिनशासन बढ़ता है। इसलिए एक-एक छोटी से छोटी चीज भी जिनशासन है। प्रभु वचनों का ज्ञान और बोध कराने वाली सभी चीजें जिन शासन है। प्रभु वचनों को जीवन में अपनाने वाले सभी लोग जिनशासन है। जिनशासन और कुछ नहीं जिन शासन के प्रति हमारा अनुराग और श्रद्धा ही जिन शासन है। इस अवसर पर बड़ी संख्या में जिनशासन प्रेमी श्रोताओं ने जिनवाणी का श्रवणकर जिनशासन के प्रति दृढ श्रद्धावान हुए।





# केपीएमएसए की नई कार्यकारिणी का गठन

बेंगलूरु/दक्षिण भारत। साधारण सभा में पेपर नवयुवक मंडल सुलतानपेट की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। रविवार को यहां नेलमंगला के एक रिसोर्ट में आयोजित साधारण सभा में मंडल के कोषाध्यक्ष कमलेश जैन ने मंडल के आय व्यय का हिसाब पटल पर रखा।

कर्नाटक पेपर मर्चेन्ट्स एण्ड स्टेशनरी एसोसिएशन (केपीएमएसए) के अध्यक्ष विनोद नेनावत एवं पूर्व अध्यक्ष रणजीत जैन ने सभा को संबोधित किया। इसके बाद आगामी 2 वर्ष के लिए मंडल की नई कार्यकारिणी का गठन किया गया। जिसमें सर्वसम्मति से विक्रम विनायकिया को अध्यक्ष, उत्तम बाघमार को मंत्री, कमलेश जैन को कोषाध्यक्ष, राकेश जीरावला को सामाजिक कार्य संयोजक और मदनसिंह को खेलकूद संयोजक मनोनीत किया गया। इस दौरान बड़ी संख्या में मंडल के सदस्यों ने भाग लिया।

Published by Bhupendra Kumar on behalf of New Media Company, Arihant Plaza, 2nd Floor, 84-85, Wall Tax Road, Chennai-600 003 and printed by R. Kannan Adityan at Deviyin Kanmani Achagam, 246, Anna Salai, Thousand Lights, Chennai-600 006.
Regn No. RNI No. : TNHIN / 2013 / 52520 **Editor : Bhupendra Kumar** (Responsible for selection of news under PRB Act.). Group Editor - Shreekant Parashar.
Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.